राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 रिजवान ने तोड़ा रोहित शर्मा का रिकॉर्ड ...

जीतकर भी मोदी सरकार से आउट होने वालों पर कयास ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 63 | पटना, गुरुवार, 13 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# कुवैत : इमारत में आग लगने से 40 से अधिक की मौत, अधिकांश भारतीय

## पीएम मोदी व विदेश मंत्री जयशंकर प्रसाद ने जताया शोक



प्रात : किरण

दोहा/ एजेंसी। कुवैत के दक्षिणी शहर मंगाफ में एक इमारत में आग लगने से कम से कम 41 लोगों की मौत हो गई, देश के सरकारी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। खबरों के मुताबिक, इस दुखद घटना में कम से कम चार भारतीय भी मारे गए हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इमारत में मलयालम लोगों की बड़ी आबादी रहती है। मृतकों में दो तमिलनाडु और दो उत्तर भारत के थे। हालांकि, अधिकारियों की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी भी बाकी है। कुवैत स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के अनुसार, सभी घायल लोगों को, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है, इलाज के लिए कई नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इमारत में लगी आग में घायल हुए लोगों को उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए चिकित्सा दल हर संभव प्रयास कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार सुबह 4:30 बजे लेबर कैंप की रसोई में आग लग गई। आग देखकर अपार्टमेंट से बाहर कूदने से कुछ लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य जलने और धुएं के कारण दम घुटने से मारे गए। जिस इमारत में यह भीषण आग लगी, उसमें 160 लोग मौजूद थे और सभी एक ही संस्थान में काम करते हैं। बताया गया है कि इन मजदूरों में कई भारत के रहने वाले थे।

**इमारत के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश :** कुवैत के आंतरिक मामलों के मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबा ने पुलिस को मंगफ स्थित इमारत के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है कि इस हादसे के जिम्मेदार कंपनी और बिल्डिंग के मालिक हैं। उन्होंने कुवैत प्रशासन और नगर पालिका को इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**भारतीय दूतावास ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर :** कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने इसे लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। दूतावास का कहना है कि इस अग्निकांड में भारतीयों की मौत के संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए +965-65505246 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। दूतावास की तरफ से हर संभव मदद का एलान किया गया है।

**पीएम मोदी ने शोक प्रकट किया :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत में हुए अग्निकांड पर शोक प्रकट किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कुवैत में आग की दुर्घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं, जिन्होंने अपने परिजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। कुवैत में भारतीय दूतावास द्वारा इस घटना पर बारीकी से नजर रखी जा रही है।

**जयशंकर प्रसाद ने लोगों की मौत पर जताया दुख :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कुवैत सिटी में आग लगने की घटना में 40 से अधिक लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुवैत सिटी में आग लगने की घटना की खबर से गहरा सदमा लगा है। 40 से अधिक लोगों की मौत की खबर है और 50 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हैं। समझा जाता है कि आग की चपेट में आए अधिकतर लोग भारतीय हैं। जयशंकर ने कहा, हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। घायल लोगों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा, हमारा दूतावास इस संबंध में सभी संबंधित पक्षों को पूरी सहायता प्रदान करेगा।

### मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

### संक्षिप्त खबरें

#### हरदोई :सड़क हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

हरदोई। उत्तर प्रदेश के जनपद हरदोई में बीती देर रात सड़क हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ, जब बालू लदा एक ट्रक मल्लावां कोतवाली क्षेत्र में सड़क किनारे सो रहे लोगों पर अनियंत्रित होकर पलट गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति गहरा दुख जताया है और अधिकारियों को राहत कार्य के निर्देश दिए हैं। कन्नौज के महेंदी घाट से एक बालू लदा ट्रक बीती देर रात हरदोई की ओर जा रहा था। ट्रक हरदोई जनपद के मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव मार्ग से कटरा-बिल्हौर हाइवे पर चुंगी नंबर दो से गुजरते समय बेकाबू होकर सड़क किनारे झोपड़ी में सो रहे लोगों पर पलट गया। ये सभी अवधेश उर्फ बल्ला नट के परिवारीजन थे। हादसा इतना दर्दनाक था कि डंपर में लदे बालू और ट्रक के नीचे पूरा परिवार दब गया। हादसे के बाद इलाके के लोग बालू में दबे लोगों को निकालने में जुट गए। इस बीच सूचना मिलने पर मल्लावां थाने से पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा और घटना की जानकारी आलाधिकारियों को देते हुए क्रेन और जेसीबी मंगाकर रेस्क्यू आपरेशन चलाया। पुलिस ने काफी प्रयास के बाद बालू और ट्रक के नीचे दबे अवधेश उर्फ भल्ला 45, उसकी पत्नी मुन्नी 42, बेटी सुनैना 11, बिलग्राम कासुपेट निवासी दामाद करन 25, उसकी पत्नी हीरो 22, लल्ला 5, बुद्धू 4, कोमल 5 और एक बच्ची बिट्टू को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया।

### राष्ट्रपति मुर्मू 27 को लोस और रास की संयुक्त बैठक को करेंगी संबोधित

# 24 जून से शुरू होगा संसद का विशेष सत्र, तीन जुलाई तक चलेगा

- 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से होगा शुरू
- नवनिर्वाचित संसद सदस्यों को दिलाई जाएगी शपथ



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा जिसमें नवनिर्वाचित संसद सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। सत्र के पहले तीन दिन में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे तथा सदन के अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। सत्र तीन जुलाई को संपन्न होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और अगले पांच वर्ष के लिए नई सरकार के कामकाज की रूपरेखा पेश करेंगी। रीजीजू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा,18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से तीन जुलाई तक नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ, अध्यक्ष के चुनाव, राष्ट्रपति के अभिभाषण और उस पर चर्चा के लिए बुलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून को शुरू होगा और तीन जुलाई को संपन्न होगा। समझा जाता है कि प्रधानमंत्री मोदी 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद में अपनी मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय देंगे। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान आक्रामक विपक्ष द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की कोशिश की जा सकती है। प्रधानमंत्री संसद के दोनों सदनों में, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे।

जानकारी हो कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आए। इसमें बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने कुल 293 सीटों के साथ जीत हासिल की। उसके बाद 9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही कुल 72 नेताओं ने मोदी कैबिनेट 3.0 की शपथ ली। इसके ठीक अगले दिन यानी 10 जून को सभी मंत्रियों के बीच पोर्टफोलियो का बंटवारा भी कर दिया गया। इसके बाद अब संसद का विशेष सत्र की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं, केंद्र सरकार की तरफ से पहले लोकसभा के अध्यक्ष के पद के लिए एक सांसद का नाम प्रस्तावित किया जाएगा। सरकार के प्रस्ताव को अगर विपक्ष सर्वसम्मति से स्वीकार कर लेता है तो मत विभाजन नहीं होगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो विपक्ष भी अपनी ओर से एक उम्मीदवार खड़ा कर सकता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों यानी लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू अपने अभिभाषण के जरिए केंद्र की मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के एजेंडे को पेश करेंगी। बताते चलें कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल संसद के विशेष सत्र के दौरान केंद्र सरकार को कई मुद्दों पर घेर सकते हैं। हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट-यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा विवाद को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह संसद में छात्रों की आवाज बनेंगे।

### ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार तो आंध्र प्रदेश में एनडीए गठबंधन की सरकार

# चंद्रबाबू नायडू ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

## मोदी, शाह, नड्डा, रजनीकांत सहित कई दिग्गज शपथ समारोह में हुए शामिल



सम्मानित : नायडू और पवन कल्याण ने पीएम मोदी को भगवान की प्रतिमा किया भेंट

प्रात : किरण

अमरावती/एजेंसी। तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। जनसेना प्रमुख एवं अभिनेता पवन कल्याण ने नायडू मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ली। चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश ने भी मंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी अमित शाह, नितिन गडकरी, जे पी नड्डा और कई अन्य नेता एवं प्रमुख हस्तियां शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थीं।

पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण और अभिनेता रजनीकांत तथा चिरंजीवी भी इस मौके पर मौजूद थे। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाई। समारोह के दौरान सीएम नायडू और पवन कल्याण ने पीएम मोदी को भगवान की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में पवन कल्याण की पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने पीथापुरम सीट से चुनाव जीता है। उनकी इस ऐतिहासिक जीत की पीएम मोदी तारीफ कर चुके हैं। बीते दिनों एनडीए की बैठक में पीएम मोदी ने पवन कल्याण की तारीफ करते हुए कहा था, ये पवन, पवन नहीं आंधी हैं। आज शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी ने पवन कल्याण से मुलाकात के दौरान उनकी पीठ थपथपाई। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी ने सीएम नायडू और पवन कल्याण को राज्य में उनकी नई भूमिकाओं के लिए बधाई दी। बता दें कि हाल के विधानसभा चुनाव में नायडू की तेलुगु देशम पार्टी ने बहुमत हासिल किया है। यह चुनाव उन्होंने एनडीए के साथ मिलकर लड़ा था जिसमें उन्हें जबरदस्त सफलता मिली है। पांच साल बाद राज्य की सत्ता में वापसी करते हुए चंद्रबाबू नायडू एक बार फिर मुख्यमंत्री बन गए हैं।

**पीएम ने चंद्रबाबू नायडू को दी बधाई:** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को एन. चंद्रबाबू नायडू को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर समारोह की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, आंध्र प्रदेश की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ। एन चंद्रबाबू नायडू गारू को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और सरकार में मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले अन्य सभी लोगों को भी बधाई। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि टीडीपी, जन सेना और भाजपा सरकार आंध्र प्रदेश को गौरव की नई ऊंचाइयों पर ले जाने और राज्य के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**सीएम नीतीश ने मोहन चरण माझी को दी हार्दिक बधाई:** पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मोहन चरण माझी को ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोहन चरण माझी के नेतृत्व में ओडिशा के विकास को और गति मिलेगी।

### मोहन माझी ने ली ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ

#### पीएम मोदी व अमित शाह रहें मौजूद



भुवनेश्वर। ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार बनी। क्योंझर से विधायक मोहन चरण माझी ने बुधवार को भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ केवी सिंह देव और प्रभाती परिदा ने राज्य के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसी के साथ ओडिशा में पहली बार एक सीएम, दो डिप्टी सीएम और 13 मंत्रियों की सरकार बनी। शपथ ग्रहण समारोह शाम 5 बजे शुरू हुआ। इस कार्यक्रम को भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित किया गया। ओडिशा के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन चरण मांझी के शपथ समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भुवनेश्वर पहुंचे। एयरपोर्ट पर ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास और स्वयं मोहन चरण मांझी ने पीएम मोदी का स्वागत किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी शपथ समारोह में मौजूद रहें। पूर्व सीएम नवीन पटनायक भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। चार बार एक ही विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल करने वाले माझी पर इस बार भारतीय जनता पार्टी ने भरोसा जताया और उन्हें ओडिशा का 15वां मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। आपको बता दें कि इस बार ओडिशा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में बीजू जनता दल के विजयरथ को रोका और बड़ी जीत दर्ज की। 147 में से 78 सीटों पर जीत हासिल कर भारतीय जनता पार्टी ओडिशा में सबसे बड़ा दल बनकर उभरी। पार्टी ने मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए बिना पीएम मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था। उधर, बीजू जनता दल को 51 सीटों पर जीत हासिल हुई।

# एनडीए सरकार ने प्रदेश में जिला प्रभारी मत्रियों की जारी की सूची

## सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा क्रमशः पटना और मुजफ्फरपुर के प्रभारी बने



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को अपने सभी कैबिनेट सहयोगियों को विभिन्न जिलों का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया। बिहार सरकार की ओर से बुधवार को जारी एक आदेश के अनुसार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को क्रमशः पटना और मुजफ्फरपुर जिलों का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। सिन्हा भोजपुर जिले के भी प्रभारी मंत्री होंगे। मंत्री विजय कुमार चौधरी को पूर्णिया और नालंदा जिलों का प्रभारी मंत्री बनाया गया है, जबकि बिजेंद्र प्रसाद यादव वैशाली जिले के प्रभारी मंत्री होंगे। आदेश के अनुसार, मंत्री प्रेम कुमार को नवादा, श्रवण कुमार को समस्तीपुर और मधेपुरा, संतोष कुमार सुमन को औरंगाबाद और सुमित कुमार सिंह को सारण का प्रभारी मंत्री बनाया गया है, जबकि रेणु देवी को सीवान का जिम्मा दिया गया है। इसके अतिरिक्त, मंत्री मंगल पांडेय दरभंगा और बेगूसराय, नीरज कुमार सिंह कटिहार और अशोक चौधरी सीतामढ़ी तथा जहानाबाद के प्रभारी मंत्री होंगे। मंत्री लेशी सिंह को मधुबनी, मदन सहनी को सुपौल, नीतीश मिश्रा को अररिया और गया, नितिन नवीन को बक्सर और कैमूर तथा दिलीप कुमार जायसवाल को सहरसा का प्रभारी मंत्री बनाया गय है। मंत्री महेश्वर हजारी खगड़िया, शीला कुमारी शेखपुरा और लखीसराय तथा सुनील कुमार पूर्वी चंपारण, जनक राम पश्चिमी चंपारण, हरि सहनी अरवल और कृष्णनंदन पासवान गोपालगंज की जिम्मेदारी संभालेंगे। मंत्री जयंत राज को रोहतास, जामा खान को किशनगंज और शिवहर, रत्नेश सदा को जमुई, केदार प्रसाद गुप्ता को मुंगेर, सुरेन्द्र मेहता को बांका तथा संतोष कुमार सिंह को भागलपुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है।

# ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में चार लोगों की मौत, दो घायल



प्रात : किरण

सुपौल। बिहार में सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के ट्रक और ऑटो रिक्शा के बीच हुयी टक्कर में चार लोगों की मौत हो गयी, तथा दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि त्रिवेणीगंज इलाके के डपरखा गांव में भगवान शिव की पूजा करने के बाद कुछ लोग ऑटो रिक्शा से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच त्रिवेणीगंज शहर के दुर्गा मंदिर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो रिक्शा पर सवार चार लोगों की मौत हो गयी, तथा दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के गजहर वार्ड 4 निवासी यदु पासवान के 55 वर्षीय पुत्र रामगोविंद पासवान, त्रिवेणीगंज के महेशवा वार्ड 14 निवासी स्व. देवन दास की 52 वर्षीय पत्नी बिजली देवी, राजदेव दास की 40 वर्षीय पत्नी ममता देवी एवं महेशवा पंचायत के वेला गांव निवासी स्व. कैवलाशी शर्मा के 55 वर्षीय पुत्र सियाराम शर्मा के रूप में हुई है। सियाराम ऑटो रिक्शा चालक था। घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है ।शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया गया है।

### बागडोर — मौजूदा थलसेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे 30 जून को हो रहे हैं पदमुक्त

# लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे देश के अगले थलसेनाध्यक्ष



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। देश के अगले थलसेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे। वह इस समय उप सेना प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं। मौजूदा थलसेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे 30 जून को पदमुक्त हो रहे हैं। उन्हें 31 मई को ही रिटायर होना था लेकिन सरकार ने उनका कार्यकाल एक माह के लिए बढ़ा दिया था। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने 30 अप्रैल, 2022 को भारतीय सेना की बागडोर संभाली थी।

उन्हें दिसंबर, 1982 में कोर ऑफ इंजीनियर्स (बॉम्बे सैपर्स) में कमीशन मिला था। सीओएएस का पद संभालने से पहले वे वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के पद पर थे। उन्हें 31 मई को सेवानिवृत्त होना था, लेकिन कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 26 मई को लोकसभा चुनावों के दौरान उनकी सेवा में एक महीने के विस्तार को मंजूरी दे दी थी। यह विस्तार उनकी सामान्य सेवानिवृत्ति से एक महीने आगे यानी 30 जून तक रहेगा। यह विस्तार सेना नियम 1954 के नियम 16 ए (4) के तहत दिया गया। अब एनडीए की नई सरकार का गठन होने के बाद केंद्र सरकार ने मौजूदा सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अगला सेना प्रमुख नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 30 जून की दोपहर से मानी जाएगी, जब मौजूदा थलसेनाध्यक्ष जनरल पांडे सेवानिवृत्त होंगे। लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी इसी साल 15 फरवरी को उप सेना प्रमुख नियुक्त किए गए थे। इससे पहले वह 01 फरवरी, 2022 को सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ बनाए गए थे। इससे पहले उन्होंने सेना स्टाफ के उप प्रमुख (सूचना प्रणाली और समन्वय) और क कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्य किया।

उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल और अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी सैनिक स्कूल रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के छात्र रहे हैं। उन्हें 15 दिसंबर, 1984 को भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 18 वीं बटालियन में नियुक्त किया गया था। उन्होंने ऑपरेशन रक्षक के दौरान चौकीबल में एक बटालियन की कमान संभाली, जो ऑपरेशन राइनो के दौरान मणिपुर में असम राइफल्स का एक सेक्टर था। उन्होंने असम में इंस्पेक्टर जनरल, असम राइफल्स के रूप में भी कार्य किया है। वह भारतीय सैन्य अकादमी में एक प्रशिक्षक के रूप में तैनात रहे हैं। वह सेशेल्स सरकार में सैन्य अताशे और पैदल सेना के महानिदेशक के रूप में तैनात रहे हैं। उन्हें फरवरी, 2020 में क कोर का कमांडर और अप्रैल, 2021 में सेना स्टाफ (सूचना प्रणाली और समन्वय) के उप प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था।

# रायबरेली और वायानाड को लेकर दुविधा में हूं : राहुल

## बोलें-चुनाव में नफरत को प्यार व अहंकार को विनम्रता ने हराया है



प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली और वायनाड दोनों सीट से जीत हासिल करने के बाद अब दुविधा में फंसे हुए हैं। वे यह नहीं तय कर पा रहे हैं कि कौन सी सीट उन्हें अपने पास रखनी चाहिए और कौन सी छोड़नी चाहिए। बुधवार को उन्होंने अपनी इस दुविधा का जिक्र भी किया है। उन्होंने कहा कि ह इस दुविधा में हैं कि उन्हें वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट में से कौन सी सीट छोड़नी चाहिए।

**वायनाड की जनता को दिया धन्यवाद :** 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने इन दोनों सीट से चुनाव लड़ा और दोनों क्षेत्र की जनता ने उन्हें अपना भरपूर आशीर्वाद भी दिया। राहुल गांधी दोनों सीटों से चुनाव जीत गए। उन्होंने कहा कि वह जो भी निर्णय लेंगे, दोनों निर्वाचन क्षेत्र के लोग उससे खुश होंगे। उन्होंने लोकसभा में दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें चुनने के लिए वायनाड के लोगों को धन्यवाद दिया। कांग्रेस नेता ने यहां एक जनसभा में कहा, मैं आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं। मेरे सामने दुविधा है कि मैं वायनाड का सांसद बना रहूं या रायबरेली का। मैं उम्मीद करता हूं वायनाड और रायबरेली दोनों ही मेरे फैसले से खुश होंगे। लगातार दूसरी बार वायनाड लोकसभा सीट से भारी अंतर से जीत हासिल करने के बाद यह उनकी राज्य में पहली यात्रा है। राहुल गांधी ने नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें भगवान से कोई निर्देश नहीं मिलता कि क्या करना है, जैसा कि प्रधानमंत्री करते हैं। मोदी का उपहास उड़ाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि भगवान ने प्रधानमंत्री को देश के प्रमुख हवाईअड्डों और बिजली संयंत्रों को अडाणी को सौंपने का निर्देश दिया है। राहुल गांधी ने कहा, लेकिन मैं इंसान हूं। मेरे भगवान देश के गरीब लोग हैं। इसलिए मेरे लिए यह आसान है। मैं बस लोगों से बात करता हूं और वे मुझे बताते हैं कि क्या करना है। उन्होंने यह भी कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की लड़ाई भारत के संविधान की रक्षा के लिए थी और उस लड़ाई में नफरत को प्यार ने, अहंकार को विनम्रता ने हराया है।

## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा से गया ट्रेन के लिए पत्र लिख किया मांग



फतुहा। बुधवार को पूर्व विधायक प्रत्याशी एवं समाजसेवी अतृप्त जवाहर ने जानकारी देते हुए बताया कि फतुहा जंक्शन से गया जंक्शन जाने के लिए एक भी ट्रेन नहीं है। जिससे हिन्दू धर्म के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल विष्णु पद, बोधगया सहित अन्य पर्यटन एवं तीर्थस्थल जाने वाले यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जहां गया जाने के लिए पटना से ट्रेन पकड़ना पड़ता है जिसमें काफी भीड़ होती है और समय भी काफी लगता है। इस संबंध में मैंने पूर्व मध्य रेल अधीक्षक दानापुर को इस संबंध में पत्र लिखकर फतुहा जंक्शन से गया जंक्शन के लिए सवारी गाड़ी (मेमू) की मांग की गई है।

### एक महिला दो पुरुष का शव किया बरामद

दानापुर खगौल रेल थाना के पुलिस ने अज्ञात एक महिला व पुरूष का शव बरामद किया। एक शव प्लेट फार्म संख्या तीन से तो दूसरा प्लेट फार्म संख्या दो से बरामद किया। तीसरा आरओबी पुल के शिर्डी के पास से शव बरामद किया गया मौत के कारण लू लगना माना जा रहा है। बुधवार को रेल पुलिस ने प्लेट फार्म संख्या दो के शौचालय के पास से एक अज्ञात पुरूष का शव बरामद किया। जिसकी उम्र करीब 55 वर्ष प्रतित होता है। वही प्लेट फार्म संख्या तीन पर खड़ी गाड़ी संख्या 09417 डाउन के बोगी एस-8 के गेट के पास से अज्ञात महिला का शव बरामद किया। जिसकी उम्र करीब 51 वर्ष प्रतित होता है। मृत्यु का कारण अधिक उम्र एवं लू लगने के कारण मृत्यु होना प्रतित होता है। तीसरा शव आरोबी पुल के नीचे से बरामद किया गया जिसका उम्र लगभग 48 वर्ष प्रतीत होता है तीन शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तीनो शव का शिनाख्त नही हो सका है।

### अवैध ढंग से बालू ले जा रहा चालक गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। खाजेकलां थाना की पुलिस ने सफेद बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि पश्चिम दरवाजा मोड़ के समीप में सफेद बालू लदे ट्रैक्टर को रोका गया। ट्रैक्टर के चालक से बालू का कागजात मांगने पर प्रस्तुत नहीं किया गया। ऐसे में ट्रैक्टर को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार चालक मालसलामी थाना क्षेत्र के बुंदेल टोली का रहने वाला सनोज कुमार है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एक अन्य मामले में नून की चौराहा निवासी महिला की शिकायत पर मारपीट के आरोपित पति मो साबिर हुसैन को गरफ्तार किया गया है।

### समस्याओं को ले नागरिकों की बैठक

पटना सिटी (प्राकि)। भूतनाथ रोड स्थित बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी में नागरिकों की बैठक जन समस्याओं को लेकर हुई। इसमें अवैध ऑटो स्टैंड और नाबालिग के द्वारा वाहन परिचालन से होने वाली दुर्घटना को लेकर चर्चा की गयी। एनआर पेट्रोल पंप से लेकर जीरो माइल फ्लाई ओवर तक रास्ते में कहीं भी कट नहीं होने के कारण होने वाली परेशानियों पर चर्चा की गई। इसके लिए प्राधिकार से मिलने का निर्णय लिया गया। बैठक में उमेश कुमार, मुन्ना सिंह, विनय कुमार सिंह, रामवृक्ष यादव, जवाहर प्रसाद, हेमंत कुमार, ज्ञान चंद्र प्रसाद, जय हिंद, अजय कुमार मिश्र, कृष्णानंद प्रसाद यादव, आशुतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

### सगुना मोड़ के आसपास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

दानापुर नगर के अंतर्गत ।नगर परिषद द्वारा बुधवार को सगुना मोड़ के आसपास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया ।टीम के पहुंचते ही अतिक्रमणकारियों के बीच हड़कंप मच गई। सभी अपने अपने सामानों को लेकर भागने लगे। बावजूद सड़क किनारे अस्थाई रूप से दुकान लगाने वाले एक दर्जन से अधिक दुकानदारों के खिलाफ कारवाई की गई।नगर प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से करीब छह हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया ।ईओ विमल कुमार ने बताया कि यह अभियान शहर में निरंतर जारी रहेगा। बताया कि सगुना व नेहरू पथ पर नाले का भी निरीक्षण किया गया ।अभियान में सिटी मजिस्ट्रेट विशाल आनंद,सफाई निरीक्षक समेत अन्य अधिकारी थे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने सभी सरकारी अस्पतालों में समुचित मात्रा में औषधि उपलब्ध कराने का दिया निदेश

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। स्वाथ्य मंत्री मंगल पाण्डेय द्वारा राज्य स्वास्थ्य समिति, विहार के सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत संस्खलित विभिन्न कार्याक्रमी योजनाओं के प्रगति पर सिविल सर्जन तथा मेडिकल कॉलेज के प्रसार्य एवं अधीक्षक तथा स्वास्थ्य विभागीय पदाधिकारियों के साथ गहन बैठक की गई। औषधिः मंत्री द्वारा सरकारी अस्पतालों में औषधियों की रासमीक्षा के क्रम में राभी सिविल रार्जन को निर्देशित किया गया कि सभी स्तर के अस्पतालों जहीं ई.डी.एल. में औषधियों की संख्या 300 से ज्यादा है वहीं मरीजों को मुफ्त में दवा उपलब्ध कराने हेतु न्यूनतम 300 दयायें अनिवार्य रूप से उपलब्ध रखी जाय। राज्य स्वारूय सनिहित, बिहार के सतर से जिलो के अस्पतालों में दाओं की उपलब्धता की साप्ताहिक समीक्षा की जाय। माननीय मंत्री द्वारा कहा गया कि किसी भी स्वास्थ्य संस्थान में 300 से कम दवायें नहीं हो। साथ ही अस्पतालों में भंडारित तिचिवाद औषिधियों का निष्पादन स्वास्थ्य विभागीय तिथिवाद औषधि निस्तारण नीति के तहत शीघ्र सुनिश्चित करने का निदेश सभी सिविल सर्जन को दिया गया। सरकारी अस्पतालों में दवाओं की अधियाचना, आपूर्ति, प्राप्ति एवं वितरण संबंधी कार्य ऑनलाईन विधि से डी.भी.डी.एम.एस. पर किया जाय ताकि रियल टाईम सूचनाएं प्राप्त की जा सके। हीट वेब एवं एईएस : मंत्री में सभी सिविल सर्जन को हीट वेब के कारण बढ़ रही मरीजों की संख्या को लेकर पूर्ण रूप से अलर्ट मोड में तैयार रहने कर निदेश देते हुये सभी अस्पतालों की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने एई.एस. को लेकर हर प्रकार की तैयारी को सुनिश्चित करने का निदेश दिया एवं इससे संबंधित प्रचार-प्रसार एवं तैयारियों की समीक्षा की। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा स्वास्थ्य प्रक्षेत्र के अन्य बिन्दु के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि रफ्र के अनुसार मातृ दर वर्ष 2001-03 में 301 से पट कर वर्ष 2020 में 97. शिशु मृत्यु दर वर्ष 2011 में 44 से घट कर वर्ष 2020 में 28, पाँच वर्ष के अंदर मृत्यु दर वर्ष 2011 में 55 से घटकर कर वर्ष 2020 में 32 हो गया, वहीं डढऊमें वर्ष 2006 में 105 लाख मरीज आते थे जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर प्रति 943 लाख मरीजों की संख्या ही गई है। साथ ही कार्यक्रम से समीक्षा क्रम में निम्न निदेश दिये गयेः मातृ स्वास्थ्य संस्थागत प्रसग में 40 प्रतिशत से कम उपलब्धि वाले जिला गया- रोहतास, सीवान, पटना, बक्सर, गया की अपेक्षित सुधार लाने हेतु निर्देशित किया गया। विगत वर्ष 62 प्रतिशत लाभार्थियों को अंतरा लगाया गया है. जिसमें सीवान, शिवहर, दरभंगा, बेगूसराय, कटिहार मुजस्करपुर, जमुई नालन्दा, मधेपुर अस्वल, पश्चिमी चम्पारण, पटना, सीतामढ़ी, औरंगाबाद, गया, मधुबनी एवं भोजपुर जिला को अपेक्षित लक्ष्य के अनुरूप अंतरा सुई लाभार्थियों को लगाने हेतु निर्देशित किया गया। नियमित टीकाकरणः वर्ष 2023-24 में बिहार राज्य में 84 प्रतिशत नियमित टीकाकरण किया गया है। नियमित टीकाकरण में औरंगाबाद, मुजपफरपुर नालन्दा, सीतामढ़ी, जमुई, भोजपुर एवं मुंगेर जिला की शत प्रतिशत आच्छादन प्राप्त करने का निदेश दिया गया। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर राज्य में हेल्थ एग्या वेलनेरा रोन्टर पर सभी प्रकार के प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के सी०एच०ओ० को दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। सभी सीएचओ को प्रतिमाह दवा का ल्लीील्ल३ कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से दवा प्राप्त करने का निदेश दिया गया। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर 14 प्रकार के रैपिड डायग्नोस्टिक जीव एवं 63 प्रकार की अन्य जाँच सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। टेलीकंसलटेशनः राज्य के आमजनों को दूरभाष के माध्यम से चिकित्सा परामर्श प्राप्त कर ईलाज की सुविधा हेतु सभी जिलों में टेलीकंसलटेशन हब स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से आमजन दूरभाष के माध्यम से चिकित्सा परामर्श प्राप्त कर है। समीक्षा के क्रम में रोहतास, बांका, पूर्वी चम्पारण अररिया, मधुबनी, बेगूसराय जमुई. कैमूर सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर सीनान, खगहिया, गया, सारण पश्चिमी चम्पारण एवं मोपुरा द्वारा 75 प्रतिशत से भी कम टेलीकरालटेशन किया गया, इन जिलों को शत प्रतिशत टेलीयांरालटेशन कराने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री डिजीटल हेल्थ योजना के तहत माव्या सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाईन सॉक्टर कमालटेंसी, मरीजों का ओ.पी.डी. निकान, मरीजों के वाइटल की जाँच का कम्प्यूटरीकरण, मरीजों को दवा वितरण में गति लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी दी गयी कि सदर अस्पताल बेगूसराय, बांका, खगड़िया, सहरसा गया, न्धेपुरा, समस्तीपुर, सीताब्दी तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर कटटमाला और बरोदाकाशनी की नेशनल क्वालिटी एयोरेंस स्टैन्डर सर्टिफिकेशन किया गया है। मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना बाल श्रवण योजना, मस्क्यूलर डिल्ट्राफी, कैसर के उपचार में गति लाने का निदेश दिया गया। सरकारी अस्पतालों में संचालित जीविका दीदी की रसोई की समीक्षा भी की गयी। प्रत्यय अमृत अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, संजय कुमार सिंह सचिव, स्वास्थ्य विभाग धमेनद्र कुमार प्रबंधक निदेशक इटरक्डछ, सुहर्ष भगत कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार, शशांक शेखर सिन्हा मुख्य कार्यचलक पदाधिकारी बिहार स्वास्थ्य सुख्खा समिति, शैलेश कुमार अपर सचिव स्वास्थ्य विभाग, माननीय मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, सतीश रंजन सिन्हा विशेष कार्य पदाधिकारी, राजेश कुमार, प्रशासी पदाधिकारी, रेणु कुमारी विशेष कार्य पदाधिकारी तथा राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विकास कार्यों में जुटे केंद्रीय मंत्री : प्रभाकर

● कार्यभार संभालते ही एक्शन मोड में आयी मोदी सरकार

पटना, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार एक्शन मोड में आ गयी है। पदभार ग्रहण करते ही पीएम ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की मंजूरी दी, इससे बिहार सहित देश के नौ करोड़ किसानों को लाभ होगा। वहीं, मोदी 3.0 के कैबिनेट की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। श्री मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मोदी 3.0 के आगाज के साथ नयी सरकार ने काम शुरू कर दिया है। बिहार से आने वाले केंद्रीय मंत्री विकास कार्यों में जुटे गए हैं। पीएम मोदी का दृढ़ संकल्प है कि अगले पांच साल में भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था में लाना है और इसके लिए मंत्रियों को टास्क दिया गया है। हफ्ते के शुरूआती चार दिनों यानी सोमवार, मंगल,बुध और गुरु को कोई मंत्री हेटक्वार्टर छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। पीएम का यह निर्देश साबित करता है कि एनडीए सरकार का लक्ष्य जनता की सेवा करना है, सत्ता की सिर्फ मलाई खाना नहीं है।

## बीच रोड पर पिस्टल लहरा रहे युवक को पुलिस ने दबोचा, दो गोली बरामद

**टेट्रा पैक के साथ महिला व देसी शराब के साथ व्यक्ति गिरफ्तार**



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना क्षेत्र के चाईं टोला के पास बीच सड़क पर दुकान के बाहर युवक हथियार लहरा रहा था। बुधवार को इसकी सूचना पुलिस को मिली। इसके तुरंत बाद थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने टीम का गठन किया और पुलिस को वहां भेजा। दरअसल वह युवक वहीं पर मोबाइल की दुकान भी चलाता है। वह दुकान के बाहर ही बीच रोड पर पिस्टल लहरा रहा था। यहां पहुंचते ही पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्तौल, दो गोली के साथ ही एक मोबाइल के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना लाने के बाद पुलिस उससे पूछताछ की। मगर हथियार कहां से लाया और क्यों वह बीच रोड पर लहरा रहा था, इस बारे में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। हालांकि पकड़ा गया युवक चाईं टोला का रहने वाला रोहित कुमार पिता शिवनंदन साह है। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

शराब के साथ दो गिरफ्तार

थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि मथनी तल में छापेमारी का पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। धनरुआ थाना क्षेत्र के सोनबाई की रहने वाली रेखा देवी को 11 पीस टेट्रा पैक यानी कुल दो लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरी और मोर्चा रोड का रहने वाला महावीर यादव पिता विजय यादव को पुलिस ने 106 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों मामले में पुलिस ने कांड दर्ज कर जेल भेजा है।

## शार्ट सर्किट से लगी आग से दो लाख की संपत्ति खाक



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के चौकशिकारपुर काली स्थान के पास एक मकान में बुधवार को अपराह्न में आग लग गई। आग लगने से करीब दो लाख की रुपए की संपत्ति जल गयी है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से यह घटना हुई होगी। कुछ स्थानीय लोगों का कहना था कि मीटर में आग लगने के कारण घर में आग पकड़ लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर एक बड़ी और छोटी यूनिट आग बुझाने के लिए सिटी फायर स्टेशन से पहुंची। रास्ता के संकरा होने के कारण बड़ी यूनिट बाहर खड़ी रही, जबकि किसी तरीके से नैनो मिस्ट टेक्नोलॉजी की गाड़ी को अंदर तक ले जाकर आग पर काबू पाने का काम किया गया। हालांकि इसके पूर्व आगे लगे मकान के आसपास रहने वाले लोगों ने अपने घर की छत की टंकी में रहे पानी को फेंक कर एक हद तक आग को फैलने से रोकने का काम भी किया। हालांकि आग की तेज लपटों की वजह से वहां अफरा-तफरी की स्थिति मच गई थी।फायर अफसर गयानंद सिंह ने बताया कि आग को बुझा दिया गया है। पीड़ित की ओर से लिखित दिया गया है, जिसमें नुकसान के आकलन की बात कही गयी है। पीड़ित सुजीत और अजीत ने आवेदन दिया है। इसमें शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही गयी है। बताया जाता है कि इसमें भडारंण कर रखा गया अगरबत्ती, फूलबत्ती आदि भी जल गया है।

## बार-बार समय ले जवाब नहीं देने से जिला जज नाराज, लगाया जुमार्ना

**तख्तश्री कमेटी के इतिहास में पहली बार दो पदाधिकारियों पर दो हजार का जुमार्ना**

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन के मामले में कमेटी के दो पदाधिकारी के द्वारा बार-बार समय लेने के बाद भी जवाब नहीं दिए जाने से पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रुपेश देव बुधवार को खासा नाराज दिखे। दरअसल तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन ने उन्हें सेवा मुक्त किए जाने के कमेटी के फैसले के विरुद्ध जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां वाद संख्या 62/23 दर्ज कर रखा है। इस पर लगातार सुनवाई चल रही है। इसमें प्रतिवादी 3 तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष और एक महासचिव के अधिवक्ता के द्वारा जवाब दिए जाने को लेकर बार-बार समय की मांग की जा रही थी। मगर जवाब दाखिल नहीं किया जा रहा था। बुधवार को भी सुनवाई के दौरान जब प्रतिवादी की तरफ से जवाब दाखिल नहीं किए जाने के बाद समय की मांग की गई। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश खासा नाराज हुए। ज्ञानी रणजीत सिंह की ओर से बहस करते हुए अधिवक्ता रामनारायण महतो ने आपत्ति जताई और कहा कि बार-बार प्रतिवादीगण के अधिवक्ता के द्वारा समय की मांग की जा रही है, जबकि उनके मुवक्किल को पंजाब से हर तारीख पर पटना आना पड़ता है। इससे उनका आर्थिक और मानसिक दोनों रूप से खर्च और प्रताड़ना सहना पड़ रहा है। साथ ही अधिवक्ता रामनारायण महतो ने कहा कि बार-बार समय लेकर जवाब नहीं दाखिल करना, मामले को लंबे समय तक लटकाए रखना और अदालत का समय भी बर्बाद करना है। इसका वह विरोध करते हैं। अंततः प्रतिवादी के वकील के खास आग्रह करने पर जिला न्यायाधीश ने प्रतिवादी एक महासचिव इंद्रजीत सिंह और प्रतिवादी तीन अध्यक्ष जगजोत सिंह पर दो हजार का आर्थिक जुमार्ना लगाते हुए अगली तारीख नौ जुलाई को हर हाल में जवाब दाखिल करने को कहा है। हालांकि इस दौरान प्रतिवादी के अधिवक्ता ने इंट्रोक्लॉटिव पिटीशन भी दिया, जिसमें कहा गया कि जब तक मामला कोर्ट में लंबित है, तब तक उनके मुवक्किल को अस्थायी रूप से ही उस पद पर काम करने की अनुमति दी जाए। अधिवक्ता ने यह भी कहा कि इसके पूर्व सचिव हरबंश सिंह ने लिखित आदेश दिया था कि कमेटी के तत्कालीन अध्यक्ष अवतार सिंह हित (अब स्व) ने उनके मुवक्किल पर एकसंगत के द्वारा लगाए गए आरोप की जांच के लिए एक हाई पावर कमेटी का गठन किया था और कहा था कि जब तक रिपोर्ट नहीं आ जाती है, तब तक आप दरबार साहिब में सेवा नहीं करेंगे। अगर रिपोर्ट आपके पक्ष में आती है, तो आपकी सेवा बहाल कर दी जाएगी। जांच रिपोर्ट में उन्हें निर्दोष करार दिया गया। इसके बाद भी कमेटी ने उन्हें सेवा मुक्त करने का गलत और मनमाने ढंग से फैसला ले लिया। अब इस मामले पर अगली सुनवाई नौ जुलाई को होगी। संभवतः तख्तश्री कमेटी के इतिहास में यह पहला मौका है कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जो तख्तश्री पटना साहिब के कस्टोडियन भी हैं, ने यहीं से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान यहां के दो पदाधिकारी पर आर्थिक जुमार्ना लगाते हुए नाराजगी जताई है।

## एसजीजीएस अस्पताल पहुंच हिटवेव, चमकी व एईएस की तैयारियां का डीएम ने लिया जायजा

**बंद पंखा व एसी को चालू करा सारी तैयारी रखने को कहा**



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने बुधवार को गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान वे अस्पताल के इमर्जेंसी, ओपीडी, गाइनी, शिशु रोग विभाग, दवा वितरण काउंटर, सीटी स्कैन सेंटर, अल्ट्रासाउंड सेंटर, मैटरिनटी सेंटर व ब्लड बैंक को देखा। जहां पर जो भी कमियां पाई गईं, उसे प्रभारी अधीक्षक डॉ आरिफ अब्दुल्ला को दूर करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी की वजह से हीट वेव मरीजों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में ऐसे मरीजों के लिए बेड की व्यवस्था करने के साथ ही चमकी और एईएस के मरीजों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने खराब और बंद पड़े पंखे, एसी को ठीक कराने के साथ ही साफ सफाई की कुछ जगह पर लापरवाही पर नाराजगी जताई। बिजली सहित अन्य समस्याओं को भी जानने का काम किया। वहीं अस्पताल सुधार समिति के सदस्यों में बलराम चौधरी, मोहम्मद जावेद, फिरोज हसन, रजनीश राय समेत अन्य ने मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। इसमें डेंटल एक्स-रे मशीन होने के बाद भी मरीजों को लाभ नहीं मिलने, गाइनी में चिकित्सकों की कमी को दूर करने, पैथोलॉजी में मशीन के खराब होने और केमिकल की कमी से मरीजों को अधिकांश पैथोलॉजी जांच का लाभ नहीं मिलने, अल्ट्रासाउंड में एक ही डॉक्टर के होने से परेशानी सहित अन्य बिंदुओं को रखा गया। निरीक्षण में जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ विवेक कुमार सिंह, प्रभारी अधीक्षक डॉ आरिफ अब्दुल्ला, अस्पताल प्रबंधक मो शब्बीर खां समहित अन्य चिकित्सक व कर्मी उपस्थित थे।

## पटना से मंगलुरू सेंट्रल एवं वापी से दानापुर के मध्य स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर ।यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना से मंगलुरू सेंट्रल तथा वापी से दानापुर के लिए स्पेशल ट्रेन परिचालित की जाएगी - .गाड़ी संख्या 03243/03244 पटना-मंगलुरू सेंट्रल-पटना स्पेशल ( दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. के रास्ते) - गाड़ी संख्या 03243 पटना-मंगलुरू सेंट्रल स्पेशल पटना से दिनांक 15, 22 एवं 29 जून, 2024 (शनिवार) को 22.30 बजे खुलकर मंगलवार को 07.00 बजे मंगलुरू सेंट्रल पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 03244 मंगलुरू सेंट्रल-पटना स्पेशल मंगलुरू सेंट्रल से 18 एवं 25 जून तथा 02 जूलाई, 2024 (मंगलवार) को 20 बजे खुलकर शुक्रवार को 05.30 बजे पटना जं. पहुंचेगी । इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे । गाड़ी संख्या 09063/09064 वापी-दानापुर-भेस्तान स्पेशल ( डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-उज्जैन-सूरत के रास्ते) - गाड़ी संख्या 09063 वापी-दानापुर स्पेशल वापी से 14 जून से 13 जुलाई 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार एवं मंगलवार को 22 बजे खुलकर तीसरे दिन 08 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 09064 दानापुर-भेस्तान स्पेशल दानापुर से 16 जून से 15 जुलाई, 2024 तक प्रत्येक गुरूवार, रविवार एवं सोमवार को 11 बजे खुलकर अगले दिन 23.05 बजे सूरत रूकते हुए 23.30 बजे भेस्तान पहुंचेगी ।इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 18 कोच होंगे जिनमें 14 कोच आरक्षित तथा 04 कोच अनारक्षित होंगे ।

## बकरीद को ले तीन थाना में शांति समिति की बैठक, अनुमंडल में आज



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बकरीद में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक बुधवार को गई। तीन थाना परिसर में बैठक हुई। खाजेकलां थाना परिसर में थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना की अध्यक्षता में शांति समिति के सदस्यों की बैठक हुई। आलमगंज थाना में थानाध्यक्ष राजीव कुमार और मालसलामी थाना में थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान थानाध्यक्षों ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने की अपील सदस्यों से की। सदस्यों ने भी अबाधित पानी और बिजली की आपूर्ति करने, साफ सफाई कराए जाने एवं पर्व से जुड़े अन्य बिंदुओं पर विस्तार से अपनी बातों को रखने का काम किया। थानाध्यक्षों ने कहा कि सरकार के गाइड लाइन का अनुपालन कराया जाएगा। दूसरी ओर अनुमंडलीय शांति समिति के सदस्यों की बैठक गुरुवार को होगी। गुलजाबाग स्थित स्टेडियम में यह बैठक अपराह्न चार बजे बुलायी गई है। इसमें बकरीद के त्योहार की तैयारियों पर चर्चा होगी। एसडीओ गुंजन सिंह ने सभी थानाध्यक्षों को अपने स्तर से शांति समिति के सदस्यों को सूचित कर बैठक में भाग लेने के लिए कहा है। दूसरी ओर नगर निगम के अजीमाबाद और पटना सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी को संबंधित वार्ड पार्षद को भी सूचित कर बैठक में आने को कहने को कहा गया है।

## टिकट जाँच अभियान जारी वातानुकूलित डिब्बों में अनधिकृत यात्रा पर रही विशेष नजर

प्रात :किरण संवाददाता



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। मंगलवार को गाड़ी संख्या 15658, 15714, 18621, 18626 और अन्य महत्वपूर्ण ट्रेन के पटना आगमन पर, आरपीएफ पटना के द्वारा चेकिंग स्टाफ के सहयोग से अउ कोचों को अटेंड कर कुल 16 व्यक्ति को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया;जिन्हें ई.एफ.टी. के माध्यम से टीटी द्वारा रूपया- 10935/ का जुमार्ना वसूल किया गया, साथ ही साथ स्लीपर व जनरल कोच से कुल 88 व्यक्ति को पकड़ा गया जिनसे कुल 55355/ रुपया जूमार्ना वसूला गया । इस प्रकार कुल 104 व्यक्ति को पकड़ कर 66290/ रुपया जूमार्ना के रूप में वसूला गया ।उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण गाड़ियों के आरक्षित कोच में सफर करने वाले अनाधिकृत यात्रियों के विरुद्ध वाणिज्य विभाग एवं सुरक्षा बल के द्वारा प्रतिदिन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है तथा आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है क साथ ही अनाधिकृत रूप से ट्रेन में चेन पुलिंग करने वाले लोगों के विरूद्ध भी आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। यात्रियों से अनुरोध है कि बिना टिकट कभी भी रेल यात्रा न करें। यह दंडनीय है। सदैव रेल टिकट लेकर उचित श्रेणी में ही रेल यात्रा करें। यात्रियों से आग्रह है कि बेवजह चेन पुलिंग कर गाड़ियों को अनावश्यक रूप से विलंबित न करें, ऐसा करना दण्डनीय अपराध है तथा ऐसा करने पर उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकती है । ।डल में टिकट जाँच अभियान आगे भी जारी रहेगी।

## संस्थागत प्रसव कराने में मेडिकल कॉलेज भी ले रहे रुचि

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को रोकने तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में राज्य के मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों ने भी गहरी रुचि दिखाई है। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के बीच राज्य में कार्यरत 15 मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में एसकेएमसीएच, मुजफ्फरपुर ने सबसे ज्यादा 12 हजार 798 संस्थागत प्रसव कराए हैं। वहीं 12 हजार 78 प्रसव के साथ दूसरे नंबर पर बेतिया का गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज व अस्पताल है। यहां प्रसव के दौरान होने वाली गर्भवतियों के मौत का आंकड़ा भी शून्य है। इसके अलावा राज्य के सबसे बड़े पटना मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में वित्तीय वर्ष 23–24 में कुल 4 हजार 609 प्रसव हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ये आंकड़े मेडिकल कॉलेजों की बेहतरीन कार्यशैली और उन्नत सुविधाओं को दिखाता है। इस संबंध में एम्स, पटना में एडिशनल प्रोफेसर व स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ इंदिरा प्रसाद बताती हैं कि मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में जिला व अन्य अस्पतालों के बनिस्पत विशेषज्ञों की उपलब्धता, बेहतर इंफ्रा और कुशल नर्स और पारामेडिकल स्टॉफ होते हैं। ऐसे में गर्भवतियों के प्रसव में आसानी और उचित प्रबंधन संभव हो पाता है, जिससे मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने में सहायता मिलती है। मेडिकल कॉलेजों में आयोजित एक्सटेंडेड पीएमएसएमए ने दिखाई राह दरअसल मेडिकल कॉलेजों में संस्थागत प्रसव कराने आने वाली गर्भवतियों का ध्यान मेडिकल कॉलेजों में होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) कार्यक्रम ने खींचा है। इसके तहत मेडिकल कॉलेजों में प्रत्येक महीने की 9 तथा 21 तारीख को विशेष अभियान संचालित किया जाता है जिसमें सभी गर्भवती महिलाओं का गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच तथा इसके दौरान जटिल प्रसव वाली महिलाओं की लिस्टिंग कर उन्हें उचित उपचार और देखभाल प्रदान की जाती है। इस अभियान में उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की हेमोग्लोबिन, सिफलिस, रक्तचाप, यूरिन जांच के साथ एब्डोमेन परीक्षण भी किया जाता है।

# मोदी की गारंटी से तटीय राज्यों में भाजपा की सीटों में इजाफा : सम्राट

## बोलें-तटीय राज्यों में भाजपा की मजबूत इंट्री, ओडिशा में भाजपा के मुख्यमंत्री

- आंध्रप्रदेश में भी टीडीपी के साथ भाजपा सरकार का हिस्सा



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

पहली बार ओडिशा में भाजपा की एकल बहुमत वाली सरकार बनने और मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले आदिवासी नेता मोहन चरण मांझी को बधाई देते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कोस्टल स्टेट्स यानी, तटीय राज्य आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और ओडिशा में मजबूत एंट्री की है। 2014 में इन तटीय राज्यों में भाजपा 6 सीटें ही जीत पाई थी। इस बार भाजपा ने इन राज्यों में कुल 36 सीटें हासिल की है। श्री चौधरी ने कहा कि इस साल भाजपा की सीटों में 500 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। मोदी की लीडरशिप में हुए तीन चुनावों में भाजपा का वोट शेयर भी करीब 17 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज मोहन चरण माझी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लिए है। हम सब के लिए यह गर्व की बात है। यह पहली बार है, जब भारत के किसी तटीय राज्य में भाजपा के मुख्यमंत्री ने शपथ लिया है।इस बार विधानसभा चुनाव में वहां भाजपा को 147 में से 78 सीटें मिली हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी सिर्फ 23 सीटें ही जीत पाई थी। श्री चौधरी ने कहा कि ओडिशा के साथ ही एक और तटीय राज्य आंध्र प्रदेश में भाजपा, टीडीपी के साथ सरकार का हिस्सा होगी। आंध्र प्रदेश में भाजपा ने 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और उसे 8 सीटों पर जीत मिली। यह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी की देश व्यापी गारंटी व भरोसे का नतीजा है।

### आंध्र प्रदेश एवं ओडिशा के सीएम को मंगल पांडेय दी बधाई

पटना। सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने एनडीए घटक दल के सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वहीं ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार बनने के बाद मोहन माझी को नए सीएम के तौर पर शपथ लेने पर श्री पांडेय ने उनको भी ढेर सारी बधाई एवं शुभकानाएं दी है। उन्होंने कहा कि दोनों मुख्यमंत्री अपने -अपने राज्य का विकास करेंगे और जनता के भरोसे को पूर्ण कर सरकार की नीतियों से उनको लाभान्वित करेंगे।

# योजनाओं में गुणवत्ता और समयसीमा से कोई समझौता नहीं : विजय

- बोलें-पथ निर्माण से जुड़ी योजनाओं के सभी स्टेकहोल्डर्स की जिम्मेदारी होगी तय
- जिम्मेदारी के साथ जनसरोकार सुनिश्चित करना हमारा उद्देश्य



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार ने विभाग द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा के क्रम में सीमांचल उपभाग के पूर्णिया पथ प्रमंडल के अंतर्गत संचालित योजना कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा परिचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा का उद्देश्य केवल कार्यप्रगति को जानना नहीं है बल्कि कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा के अनुपालन को सुनिश्चित कराना है । हमने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यस्थल पर संबंधित पदाधिकारियों और संवेदकों की उपस्थिति में योजनाओं की वास्तविक वस्तुस्थिति का जायजा लिया। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि जनसरोकार हमारे लिए सबसे अहम है। अतः विभाग द्वारा परिचालित योजनाओं में समयसीमा और गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता नहीं किया जा सकता । इसलिए योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित सभी स्टेकहोल्डर्स की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की अनियमितता हमारे लिए अक्षम्य है । हमने विभाग में साफ निर्देश दिया है कि बिना किसी ठोस कारण के कार्य को पूरा करने में देरी या उसकी गुणवत्ता के साथ लापरवाही करने वाले संवेदकों की पहचान की जाए । बताकि भविष्य में ऐसे संवेदकों को विभाग की निविदाओं में भाग लेने से रोका (डिबार किया) जा सके ।

श्री सिन्हा ने कहा कि बैठक में हमने पूर्णिया पथ प्रमंडल की कुल 5 प्रगतिशील योजनाओं-रूपौली से विजयघाट भाया मोहनपुर 24.50 किमी लम्बे पथ का 63.39 करोड़ की लागत से चैड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, फरियानी चैक से बहेलिया स्थान भाया 20.84 किमी लम्बे पथ का 45.28 करोड़ की लागत से चैड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, बनमनखी बस स्टैण्ड से कचहरी बलुआ 10.00 किमी लम्बे पथ का 21.94 करोड़ की लागत से चैड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, धमदाहा से इटहरी 20.00 किमी लम्बे पथ का 33.66 करोड़ की लागत से चैड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा धमदाहा से बनमनखी 21.50 किमी लम्बे पथ का 78.91 करोड़ की लागत से चैड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य योजना की गहन समीक्षा की। श्री सिन्हा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों का स्पष्ट निर्देश है कि जनता की सुविधा और संसाधनों का युक्तिसंगत सदुपयोग होना चाहिए। लिहाजा योजनाओं को हर कीमत पर बिना किसी अनियमितता और देरी के गुणवत्ता के साथ जमीन पर उतारा जाना बेहद जरूरी है। आगे भी हम अन्य पथ प्रमंडलों के साथ एक-एक कर विभाग की सारी योजनाओं की विस्तृत और गहन समीक्षा करेंगे। उम्मीद है कि बिहार के विकास और जनसुविधा के मामले में हमारा विभाग निर्णायक भूमिका निभाएगा।

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**सं. डी.एन.आर./एस.एण्ड टी./सिंग/2024/11**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैः– **(1) कार्य का नाम एवं स्थानः** दानापुर मंडल के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर हल्के वाहनों के लिए रैंप के साथ एफओबी और सीमित ऊंचाई वाले सबवे के प्रावधान के संबंध में एसएंडटी कार्य **(2) अनुमानित लागतः** रूपये 10024788.14 **(3) बयाना राशिः** रूपये 200100.00 **(4) निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समयः** दिनांक 02.07.2024 को 15.00 बजे तक। **(5) निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 02.07.2024 को 15.30 बजे **(6) वेबसाइट विवरणः** www.ireps.gov.in **(7) कार्यालय का पता, जहाँ से निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर। **नोटः** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

**मं सं० एवं दूर सं० अभि०, पूर्व मध्य रेल/दानापुर**

पीआर/00458/डीएनआर/एसएण्डटी/टी/24–25/32

# दो अधिवक्ताओं की हत्या की राजद अधिवक्ता प्रकोष्ठ ने की घोर निंदा

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

सारण में दो अधिवक्ताओं की हत्या की राजद अधिवक्ता प्रकोष्ठ ने घोर निंदा की है। राष्ट्रीय जनता दल अधिवक्ता प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बिहार भगवान भरोसे चल रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह घर से कोर्ट जाने के क्रम में अधिवक्ता रामअयोध्या प्रसाद सिंह एवं उनके पुत्र अधिवक्ता सुनील कुमार मेथवलिया छपरा (बाजार समिति) के पास अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इससे बिहार के अधिवक्ताओं में भय पैदा हो गई है। अपराधी पहले से ही घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही पिता रामअयोध्या सिंह पुत्र अधिवक्ता सुनिल सिंह घर से निकले वैसे ही अपराधियों ने पहले से घात लगाये हुए थे। उनकी बाइक रोकने की एक अपराधी ने इशारा किया जैसे ही गाड़ी रूकी वैसे ही अन्य अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोली चलाकर भाग खड़े हुए। इस घटना से पूरे बिहार के अधिवक्ता परिवार डरे और सहमे हुए हैं। श्री सिंह ने मांग किया है कि परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, 50 लाख रुपए सहायता राशि तथा परिवार के सदस्यों को सुरक्षा मुहैया कराया जाय। मुख्यमंत्री से अपील की है कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम तत्काल लागू करने तथा छपरा के अधिवक्ता पिता-पुत्र की हत्या की उच्चस्तरीय जांच कराया जाय। बैठक में प्रेम कुमार पासवान, राजेन्द्र शास्त्री, संजय कुमार, मालती कुमारी, संध्या मिश्रा, शिवपरसन सिंह, कुमार उदय प्रताप यादव, स्वाति सिन्हा, राजकिशोर प्रसाद, हृदयानारायण, अरविन्द कुमार, विश्व विजय, प्रमोद कुमार, संतोष सुमन आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

# गरीब बिहारियों की हड़पी जमीनें लौटाएं तेजस्वी : राजीव

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि नौकरी के बदले जमीन लिखवाने के घोटाले में सीबीआई की अंतिम रिपोर्ट दाखिल होने के बाद तेजस्वी यादव भयभीत और हताश दोनों हो गये हैं। इसी हताशा में वह लगातार अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। कभी वह जांच एजेंसियों को धमकाते हैं तो कभी केंद्र सरकार के खिलाफ अनर्गल प्रलाप करने लगते हैं। तेजस्वी जी को समझना चाहिए कि गलत करने का परिणाम कभी भी सुखद नहीं होता। इसलिए वह डरना छोड़ें और जिन गरीब बिहारियों की जमीनों को वापस लौटा दें। उन्होंने कहा कि तेजस्वी जी यह जान लें कि जंगलराज का युग बीत चुका है। जांच एजेंसियों या सरकार के सामने दंबगई दिखाने से कोई फायदा नहीं मिलने वाला। कानून के राज में उनकी दादागिरी चलने वाली नहीं है। इसलिए दबंगई दिखाने के बजाए उन्हें एजेंसियों को पूरा सहयोग करना चाहिए। एनडीए के राज में हर किसी को न्याय मिलता है। अगर उन्होंने गलत नहीं किया है तो उन्हें डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन अगर उन्होंने बिहारियों के साथ ज्यादती की है तो पूरे राज्य से माफी मांग कर उन्हें इसका प्रायश्चित करना चाहिए। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी को समझना चाहिए कि नौकरी के बदले जमीन घोटाले में उनकी नाबालिग रहने की दलील भी अब काम नहीं आने वाली। जनता जानना चाहती है कि दो दो बार उपमुख्यमंत्री रहने के बाद भी क्या उनमें अपनी गलतियों को सुधारने की समझ विकसित नहीं हुई है? अगर वह जमीनें नहीं लौटाते हैं तो यह माना जाएगा कि उनके जानते बूझते, पूरे सुनियोजित तरीके से इस घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि वास्तव में तेजस्वी अनर्गल बयान देकर मुद्दे को भटकाना चाहते हैं। वह समझते हैं कि उनके चीखने-चिल्लाने से लोगों का ध्यान दूसरी तरफ चला जाएगा। उन्हें समझना चाहिए कि बिहारवासी उनकी करतूतों को भली-भांति समझते हैं। उनका कोई दांव उनके काम नहीं आने वाला। इसलिए यदि उन्हें अपनी छवि बचानी है तो बिहारियों की हड़पी जमीनें उन्हें हर हाल में लौटानी होंगी।

# यूपीए शासन में लालू प्रसाद ने विशेष दर्जा के लिए आवाज नहीं उठाया : जदयू



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

जदयू के प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं अंजुम आरा ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर राजद पर जोरदार हमला बोला। प्रवक्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और राज्यसभा सांसद मनोज झा के बयान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 2004 की यूपीए सरकार में जब राजद निर्णायक भूमिका में थी तब लालू प्रसाद यादव ने कभी बिहार के हितों की चिंता नहीं की। 2004 में राजद को बिहार से 24 सीटें मिलने के बावजूद भी विशेष दर्जा की मांग को ठंडे बस्ते में डालकर लालू प्रसाद यादव गृह मंत्रालय के मांग पर अड़े रहें। प्रवक्ताओं ने कहा कि यूपीए-1 में बिहार से 12 मंत्री केन्द्रीय मंत्रिमंडल का हिस्सा थे। इतने सशक्त और निर्णायक भूमिका होने के बाद भी बिहार के सरोकारों से जुड़े विषयों पर जोरदार तरीके से आवाज नहीं उठाया गया। यूपीए की तत्कालीन सरकार में लालू प्रसाद यादव आईआरसीटीसी की विशेष सहायता प्राप्त कर अपने नाबालिक बेटों को करोड़पति बनाने में व्यस्त थे। जदयू प्रवक्ताओं ने राजद को घमंडी पार्टी करार दिया और कहा कि वर्ष 2008 में अविश्वास प्रस्ताव के दौरान लालू प्रसाद यादव ने यूपीए सरकार को गृह मंत्रालय के शर्त पर समर्थन दिया था। जबकि उन्हें विशेष राज्य के दर्जे की मांग करनी चाहिए थी लेकिन उन्हें सिर्फ अपना निजी स्वार्थ नजर आ रहा था। इतना ही नहीं जब लेफ्ट फ्रंट ने यूपीए सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था उसके बाद यूपीए सरकार बड़ी मुश्किल से निर्दलीय सांसदों की मदद से बच पाई थी। उस समय अगर राजद बिहार के लिए विशेष दर्जा मांगती तो यूपीए सरकार मना करने का हिम्मत नहीं करती। प्रवक्ताओं ने कहा कि हमारी पार्टी वर्ष 2005 से विशेष राज्य के दर्जा की मांग कर रही है और हर तरह से हम प्रयासरत भी हैं। इस मुद्दे पर हमें राजद से किसी प्रकार का ज्ञान या सलाह की आवश्यकता नहीं है। जदयू प्रवक्ताओं ने राजद से कई सवाल पूछेः - 24 सीट मिलने के बावजूद भी राजद ने बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं मांगा? विशेष दर्जा के बजाए गृह मंत्रालय पर क्यों टिकी थी श्री लालू प्रसाद यादव की नजर? राजद वाले सवाल उठाते हैं कि सीमांचल से मंत्री क्यों नहीं बनाया लेकिन जब राजद को मौका मिल तो उन्होंने हरियाणा के व्यक्ति को मंत्री क्यों बनाया? 2004 के यूपीए सरकार में बिहार से कुल 12 मंत्री थे तब विशेष राज्य का दर्जा याद क्यों नहीं आया?

# बिहार के बंटवारे के समय से राजद कर रहा विशेष दर्जा की मांग : गगन

## बोलें-जदयू प्रवक्ताओं को अच्छी तरह से होमवर्क कर लेना चाहिए

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने जदयू प्रवक्ताओं द्वारा किए गए प्रेस कॉन्फ्रेंस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रेस के सामने कुछ बोलने के पहले उन्हें अच्छी तरह से होमवर्क कर लेना चाहिए था। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग 2000 में बिहार के बंटवारे के समय से हीं की जा रही है। उस समय बिहार में राजद की सरकार थी और केन्द्र में एनडीए की सरकार थी जिसमें नीतीश कुमार मंत्री थे। उसी समय उत्तर प्रदेश से अलग होने पर उत्तराखंड को विशेष राज्य का दर्जा दिया गया था। 25 अप्रैल 2000 को बिहार विधानसभा से सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर केन्द्र को भेजा गया था। 3 फरवरी 2002 को दीघा-सोनपुर रेल सह सड़क पुल के शिलान्यास के अवसर पर गांधी मैदान की सभा में तत्कालीन मुख्य मंत्री राबड़ी देवी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग सार्वजनिक रूप से की थी जिसे वाजपेई जी ने उचित मांग बताते हुए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का आश्वासन भी दिया था।

पुनः तत्काल 2 अप्रैल 2002 को बिहार विधानसभा में सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर केन्द्र को भेजा गया। 16 मई 2002 को राजद सांसद स्व डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह जी द्वारा नियम 193 दिए गए नोटिस पर लोकसभा में चर्चा हुई जिसका सभी दलों ने समर्थन किया था। इसके बावजूद बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया गया और उस फाईल को हीं क्यों बंद कर दिया गया इसका सही जवाब तो नीतीश कुमार हीं देंगे। 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनाव में खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हीं सार्वजनिक मंचों से यह वादा किया था कि केन्द्र में उनकी सरकार बनने पर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाएगा। दोनों बार उनकी सरकार बनी और फिर इस बार जदयू के समर्थन से हीं उनकी सरकार बनी है तो अब जदयू इस मांग से भाग क्यों रही है ? राजद प्रवक्ता ने कहा कि जदयू प्रवक्ताओं ने जातीय जनगणना का सवाल उठाया है तो उन्हें जान लेना चाहिए कि 2000 में केन्द्र में एनडीए की सरकार थी पर जनगणना नहीं कराई गई थी। जब 2010 में जनगणना हुआ तो लालू प्रसाद, मुलायम सिंह एवं शरद यादव के मांग पर हीं जनगणना के साथ जातीय गणना भी कराई गई थी। जिसका अन्तिम गणना आने के समय केन्द्र में मोदी की सरकार बन गई थी। जिसके द्वारा उसे जारी नहीं किया गया। बिहार में तेजस्वी के पहल पर हीं जाती गणना कराई गई, यह बात तो प्रधानमंत्री से मिल कर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के बाहर निकलने पर नीतीश जी खुद प्रेस के सामने बोल चुके हैं। जदयू प्रवक्ताओं ने नौकरी देने पर भी जो बयान दिया है उसके बारे में पुरा देश जानता है कि तेजस्वी द्वारा नौकरी देने के वादे पर मुख्यमंत्री जी क्या बोलते थे।

**PLANNING AND DEVELOPMENT DEPARTMENT**

Govt. of Bihar

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

LOCAL AREA ENGINEERING ORGANISATION,WORKS DIVISION–01 PATNA

RE- RFP / NIT No - 01/2024-250(Re. Adv.- 3rd time)

(IT Development)

*(Through e-procurement mode only – www.eproc2.bihar.gov.in)*

The **Executive Engineer, LAEO, Works Division-01, Patna** on behalf of Governor of Bihar invite RFP through e-procurement portal from www.eproc2.bihar.gov.in of government of Bihar, From eligible, reputed, qualified Information Technology (IT) firms with sound technical and financial capabilities for following work in table below related to **operation and maintenance of application software related to Mukhyamantri Nishchay Swayam Sahayata Bhatta Yojana, Bihar Student Credit Card Scheme and Kushal Yuva program** for 2 Years extendable as per the requirement of the Department . This invitation to bid is open to all bidders meeting the minimum eligibility criteria as mentioned in this RFP document.

1. DETAILS OF WORK: -

| Group No. | Name of work | Amount of Earnest Money online mode or offline mode BG only (Rs. in Lakh) | Cost of B.O.Q. (non-refundable to be paid online only) (In Rs.) | Bid Processing fee (non-refundable payment only through online mode) (In Rs.) | Time of completion (In months) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | Operation and Maintenance of Integrated IT Solution hosted at State Data Center Cloud 2.0 for Mukhyamantri Nishchay Swayam Sahayata Bhatta Yojana, Bihar Student Credit Card Scheme and Kushal Yuva Program | 12.00 | INR 10000/- | As per eproc2 requirements | 24 Months |

2. Date of issue of Notice Inviting Tender : Date : 05-06-2024
3. Start date and time for uploading of Bid : Date: 01-07-2024 10:00 AM (Only on website: www.eproc2.bihar.gov.in )
4. Time, date and place of Pre-Bid Meeting : Date : 02-07-2024 at 3:00 PM Office of the **Additional Secretary, Department of Planning and Development, Old Secretariat, Patna-800015**
5. Last Date and Time for uploading of Bids : Date: 08-07-2024 up to 3.00 PM (Only on website: www.eproc2.bihar.gov.in .)
6. Date of Opening Technical Bids : Date: 11-07-2024 at 3.30 PM. (At least two working days after the date as mentioned in above clause 5) (Only on website : www.eproc2.bihar.gov.in ).
7. Time and Date of Opening Financial Bids : To be announced by competent authority (Only on website/www.eproc2.bihar.gov.in ).
8. Place of Opening of Bids : Through website/www.eproc2.bihar.gov.in . Only.
9. Period of bid validity : 120 days after the deadline date for bid submission
10 Tender issuing Authority : Executive Engineer, Local Area Engineering Organization Works Division – 01 Patna.

**Executive Engineer**
**Local Area Engineering Organization**
**Works Division–01 Patna**

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

PR- 001504 (Planning) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# बिहार के मंत्रियों को मिला शानदार अवसर, बिहार होगा सबसे बेहतर :रणबीर

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

पटनो पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा के वरीय नेता, प्रो. रणबीर नंदन ने केंद्रीय कैबिनेट में बिहार को मिली तरजीह को लेकर खुशी जताई है। बिहार के हिस्से में इस बार चार कैबिनेट मंत्री आए हैं। नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में बिहार को मिली इन अहम जिम्मेदारियों पर डॉ. नंदन ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने बिहार के विकास के लिए हमेशा प्रयास किया है। पिछले 10 सालों के दौरान जिस तेजी से प्रदेश के विकास में केंद्र की भूमिका रही है। केंद्र में मंत्री बने एनडीए के सभी नेताओं का अपने स्तर पर बिहार के विकास में अपना योगदान है, और इससे बिहार की जनता लाभान्वित होगी। डॉ. रणबीर नंदन ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह बिहार प्रदेश की बड़ी उम्मीद हैं। उन्हें कपड़ा मंत्रालय का कार्यभार मिला है। बिहार की जनता को उनके विभाग के कार्यों का सीधा लाभ मिलेगा। यहां कपड़ा उद्योग विकसित किया जा सकता है, और उन्होंने खुद ही इसकी बात कही भी है। लोजपा रामविलास अध्यक्ष और केंद्र में फूड प्रोसेसिंग मंत्री बने चिराग पासवान से भी उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान की कृषि प्रधान राज्य में फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स को लगवाने में बड़ी भूमिका होगी। बिहार फूड प्रोसेसिंग का हब बन सकता है क्योंकि बिहार की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। वहीं जीतन राम मांझी को



एमएसएमई का जिम्मा दे दिया गया है, जो विकसित भारत की नींव तैयार करने का सबसे महत्वपूर्ण विभागों में से एक है। छोटे उद्योगों की बिहार को जरुरत भी है। मांझी जी के मंत्री बनने से इसका सीधा लाभ बिहार को होगा। पशुपालन और मत्स्य पालन की दिशा में बिहार में एनडीए की सरकार ने भी व्यापक कार्य किया है। राजीव रंजन सिंह के इस मंत्रालय के मंत्री बनने से भी बिहार को सीधा लाभ होना निश्चित है। डॉ. नंदन ने कहा कि रामनाथ ठाकुर को कृषि और कृषक कल्याण विभाग में राज्य मंत्री बनाया गया है। वह प्रदेश के कृषकों की जरूरतों से अवगत हैं। ऐसे में उनसे किसानों के लिए एक बेहतर माहौल तैयार होना आसान होगा। नित्यानंद राय को एक बार फिर मोदी सरकार में गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री जैसा अहम पद मिला है। देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए काम करने के साथ ही बिहार में भी उनकी भूमिका शानदार रही है। कोयला और खनन मंत्रालय में राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे और जलशक्ति मंत्री राज भूषण चौधरी से भी उन्होंने उम्मीद जताई। प्रो. नंदन ने कहा कि केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी और प्रदेश में सीएम नीतीश कुमार मिलकर बिहार को विकास के रास्ते पर ले जाने में अहम भूमिका रहे हैं और बिहार की उम्मीदों को पूरा कराया जा रहा है।

# 15 जून को रात्रि 11 बजे एक साथ सड़क पर उतरेगी नगर निगम की टीम

## मॉक ड्रिल के सेकेण्ड राउंड से मानसून पूर्व तैयारियों की होगी समीक्षा

- शहर की सफाई एवं संप हाउस पर कर्मियों के कार्यों की होगी रियल रिस्पांस टाइम की मॉनिटरिंग

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



पटना नगर निगम के पदाधिकारियों द्वारा कर्मियों का 15 जून को सेकेंड मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि 11 बजे से 2 बजे तक मॉक ड्रिल के माध्यम से रात्रि में सफाई व्यवस्था एवं संप हाउस कर्मियों के कार्यों का जायजा लिया जाएगा एवं उनके रियल टाइम की मॉनिटरिंग की जाएगी। गौरतलब है कि मॉनसून के पहले से ही नाला उड़ाही एवं सफाई व्यवस्था को युद्ध स्तर पर पूर्ण किया जा चुका है। इसके साथ ही जमीनी स्तर पर जल निकासी में आ रही परेशानी, नाला उड़ाही की गुणवत्ता तथा तकनीकी पहलुओं की जांच भी पदाधिकारियों द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से समय समय पर की जा रही है। गौरतलब है कि 28 मई को भी नगर निगम पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था।

**वॉकी टॉकी से रहेंगे सभी एक दूसरे से कनेक्ट :**

नगर आयुक्त के निर्देश पर एक साथ शनिवार की रात्रि में टीम एक साथ सभी वार्डों में रवाना होगी एवं वॉकी टॉकी के माध्यम से सभी एक दूसरे से कनेक्ट होकर वस्तु स्थिति की जानकारी भी उपलब्ध करवाएंगे। गौरतलब है कि पिछले वर्ष से पटना नगर निगम द्वारा वॉकी टॉकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस वर्ष भी मानसून के दौरान प्रभावी ढंग से इसका उपयोग सुनिश्चित करवाने के लिए मॉक ड्रिल के दौरान कर्मियों से वस्तु स्थिति की जानकारी ली जाएगी।

**संप हाउस के इनलेट एवं आउटलेट की की जाएगी जांच :**

मॉकड्रिल के दौरान सभी अंचल में स्थित संप हाउस के इनलेट, आउटलेट, ग्रेटिंग एवं कनेक्टिंग नालों सहित मेनहॉल और कैचपिट के सफाई की जाँच की जायेगी। जिससे वर्षा के दौरान जलनिकासी सुनिश्चित की जा सके।

**15 जून से तैनात की जाएगी क्विक रिस्पांस टीम**

पटना नगर निगम द्वारा मानसून के दौरान सक्रिय रहने वाली क्विक रिस्पांस टीम ( क्यूआरटी ) की भी तैनाती 15 जून से की जा रही है । यह टीम बरसात होने के साथ ही अलर्ट होकर जल निकासी सुनिश्चित करवाती है।

**सफाई एवं जलनिकासी के संसाधनों के उपयोग की होगी जांच**

मॉक ड्रील के दौरान पटना नगर निगम द्वारा स्वीपिंग मशीन द्वारा सड़को की धुलाई,सफाई कर्मियों की उपस्थिति एवं कार्य के दौरान मानकों का पालन हो रहा है या नहीं इसकी जांच की जाएगी। गौरतलब है कि सभी अंचलों में सफाई के सभी संसाधन, मशीनें एवं मानसून के दौरान जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करवाने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। इसके साथ ही सभी कार्यपालक पदाधिकारी, जोनल ऑफिसर, नोडल ऑफिसर एवं डीपीएस पर नियुक्त पदाधिकारियों भी मॉकड्रील के दौरान अलर्ट मोड पर मौजूद रहेंगे।

**बिहार सरकार**

**विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1**
**भवन निर्माण विभाग, पटना**

**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–02 वर्ष 2024–25**

इस कार्यालय के अन्तर्गत विभिन्न भवनों/कार्यालयों में लगे विभिन्न क्षमता वाले Different Rating Transformer and Sub-Station का रख–रखाव एवं सम्पोषण कार्य हेतु निर्माता/आपूर्तिकर्त्ता/अधिकृत एजेन्सी/पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदकों से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक–26.06.2024 के 03:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है। सरकारी संस्थानों में कार्य अनुभव प्राप्त संवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी। सभी प्राप्त कोटेशन उसी तिथि को अपराह्न 03:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, भवन निर्माण विभाग, पटना, (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल दक्षिण बिहार, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय होगा ।

कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता/सहायक विद्युत अभियंता से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण के पश्चात् एवं कोटेशन में उदृत दर का विस्तृत दर विश्लेषण के साथ हीं समर्पित करेंगें। सभी या कोई भी कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने तथा कार्य को एक से अधिक कोटेशनदाताओं के बीच बाँटने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

**कार्य की विवरणी निम्नलिखित है:–**

| S.No. | Name of Work | Time of Completion |
|---|---|---|
| 1 | A/M of Different rating transformer and 1 x 20 KVA Diesel Generator set with operator Situated at Vishwesharaiya Bhawan Patna for the Period Form July 2024 to December 2024 | 06 month |
| 2 | A/M of Different rating transformer & Sub -station Situated at New Secretariate Patna for the Period Form July 2024 to December 2024 | 06 Month |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**PR. No. 001706 (BCD) 2024-25**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

**विद्युत कार्यपालक अभियंता,**
**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना**

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 13 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### तस्करी के नियत से नेपाल जा रहा 19 मवेशियों को एसएसबी ने किया जब्त

बेतिया(घनश्याम) ।47 वी बटालियन के इनरवा एसएसबी ने बुधवार की अहले सुबह तस्करी के नियत से नेपाल ले जा रहे मवेशियों को तस्करों के चुंगल से मुक्त कराया है. इधर जवानों को देख तस्कर भागने में सफल रहें. असिस्टेंट कमांडेंट गुलाब चौधरी ने बताया कि सूचना मिली कि तस्करी की नीयत से मवेशियों को नेपाल ले जाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए पिलर संख्या 420/2 के समीप 19 मवेशियों को जब्त किया गया. असिस्टेंट कमांडेंट ने बताया कि जब्त मवेशियों को इनरवा पुलिस को सौंप दिया गया हैं.

### नाई समाज की बैठक में रामनाथ ठाकुर को मंत्री बनने पर दी गई बधाई

बेतिया(घनश्याम) ।मझौलिया स्तिथ शिव मंदिर परिसर में नई संघ प्रखंड इकाई की एक बैठक संघ के सचिव शंभू ठाकुर के अध्यक्षता में किया गया ।बैठक में संघ का विस्तार एवं मजबूती के लिए सभी पदेन सदस्य एवं कार्यकताओं को कई बिंदुओं पर अलग-अलग जिम्मेदारी बांटी गई ।वहीं रामनाथ ठाकुर को केंद्र में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री बनाए जाने पर सभी नई सदस्यों ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन करते हुए बधाइयां दी वही एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाते हुए हर्ष व्यक्त किए। इस मौके पर नई संघ के प्रखंड अध्यक्ष भरत ठाकुर, मोहित ठाकुर,मनोज ठाकुर,अरुण ठाकुर, राहुल कुमार, मनीष कुमार,रविंद्र ठाकुर,धामू कुमार, बृजेश कुमार, नथुनी हजाम, टुन्नू ठाकुर, दीपक कुमार ठाकुर समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिलाधिकारी ने की विभिन्न विभागों की समीक्षात्मक बैठक

छपरा सदर। जिला पदाधिकारी सारण अमन समीर की अध्यक्षता में कृषि टास्क फार्स की बैठक की गई जिसमें उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीयों से संबंधित कार्यों की समिक्षा की गई। सर्वप्रथम खरिफ 2023-24 अन्तर्गत जिले में हो रहे बीज वितरण की समिक्षा की गई साथ-साथ बीज वितरण ससमय उचित मुल्य पर किसानों के बीच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। नहर प्रमण्डल, लघु सिंचाई और बिजली विभाग की सख्त निर्देश दिया गया की पानी और बिजली की कमी नहीं होनी चाहिये। उर्वरक इस समय जिला में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उधान को सख्त निर्देश दिया गया की उद्यमी किसान तैयार किया जाय जिससे किसानों की आमदनी को बढ़ावा मिले और जैविक तरिके से वागवानी करवाया जाय जिससे ज्यादा मुनाफा मिले किसान को। उद्यान के अन्तर्गत कोल्ड स्टोरेज का भी जाँच करते रहे जिससे किसान अपनी उत्पाद को सही दाम मिलने तक सुरक्षित रख सके। सभी अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी को अनुमण्डल स्तर पर उद्यान की भी समिक्षा करने को आदेश दिया गया है।

### अपराधियों ने दंपति से झपटा पैसे से भरा बैग

एकमा। अज्ञात अपराधियों ने पति-पत्नी से पैसे से भरा बैग झपटकर फरार हो गए । इस संबंध में पीड़िता ने स्थानीय थाना में अज्ञात दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। अपनी दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि रसुलपुर थाना क्षेत्र के रसुलपुर गांव निवासी सुखारी प्रसाद के पुत्र दावा सेल्स मैन ओमप्रकाश प्रसाद ने कहा है कि हम अपने पत्नी आशा कर्मी उषा देवी के साथ एकमा मुख्य डाकघर से एक लाख दस हजार रुपए कि निकासी कर सिवान जिले के सिकटिया एकमा जनता बाजार मुख्य सड़क से बाइक पर सवार होकर जा रहें थे । इसी बीच एकमा भुईली नहर पुल के समीप पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो युवक पीछे से आकर पैसे से भरा हुआ महिला पर्स झपटा मारकर फरार हो गए। जिसमें महिला बैंग में पैसा के साथ सरकारी मोबाइल एवं जरूरियात कागजात सामिल है। पुलिस ने प्राथमिक दर्ज कर मामले को गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है।

# जमीनी विवाद में अधिवक्ता व उनके पुत्र को गोली मारकर की गई हत्या

## सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे एसपी, दो अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी

प्रात :किरण संवाददाता







छपरा । बुधवार को अहले सुबह मुफस्सिल थाना अंतर्गत घोष कॉलोनी में रह रहे अधिवक्ता राम अयोध्या प्रसाद यादव एवं उनके पुत्र सुनील यादव को उनके ही खास पाटीदारों द्वारा गोली मारकर जख्मी कर दिया गया ' आनंन -फानन में स्थानीय लोगों के सहयोग से बुरी तरह जख्मी अधिवक्ता एवं उनके पुत्र को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई । घटना की जानकारी मिलते ही सारण के पुलिस कप्तान डॉ कुमार आशीष ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है । घटना के संबंध में सारण के पुलिस कप्तान डॉक्टर कुमार आशीष ने बताया कि मामला जमीनी विवाद को लेकर बताया गया है, तत्काल दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है, अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है । एसपी ने यह भी बताया कि प्रारंभिक रूप से जांच में दो अभियुक्तों के गिरफ्तारी की जा चुकी है, जिसमें काली राय एवं जगदीश राय ग्राम मेथवलिया थाना मुफस्सिल के निवासी बताए गए हैं ' पुलिस कप्तान के अनुसार इस घटना को लेकर डीएसपी सदर के नेतृत्व में एसआईटी का भी गठन कर दिया गया है । तकनीकी दृष्टिकोण से भी इस मामले की जांच की जा रही है, जिसमें तकनीकी शाखा को भी लगाया गया है । इस घटना के अन्य पहलुओं की जांच को लेकर भी एफएसएल टीम भी जांच करेगी । एसपी ने बताया कि जल्द ही इस घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

## म्तेलहुआ और मैनाटाँड़ के रामपुर में मनरेगा योजना में मस्टरोल में बन रही मजदूरों की फर्जी हाजिरी




प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया( मोहन सिंह ) ।पश्चिमी चंपारण जिले में मजदूरों को रोजगार की गारंटी देने वाली केन्द्र की मनरेगा योजना जिम्मेदारों के लिए दुधारू गाय साबित हो रही हैं। योजना में भ्रष्टाचार चरम पर है, साथ ही रोजगार गारंटी योजना के नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं ।मामला पश्चिमी चंपारण जिले के मझौलिया प्रखंड के ग्राम पंचायत लालसारैया पँचायत नौतन प्रखंड के दक्षिणी तेलुआ पँचायत और मैनाटाँड़ प्रखंड के रामपुर पँचायत का है। लालसरैया पँचायत में हाजरी 121 की धरातल पर उपस्थिति मझौलिया प्रखंड के लालसरैया पँचायत में भट्टी पुल से पिच रोड तक पईन सफाई योजना में एनएमएमएस पर हर रोज 121 मजदूरों की हाजरी बनाई जा रही है लेकिन जब धरातल पर कार्यस्थल पर मुआयना किया गया तो वहां कोई भी मजदूर उपस्थित नही पाया गया ।वही स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कभी कभी सुबह 8 से 10 लोग आते हैं और साइड पर फोटो खिंचवाकर चले जाते है। वही एनएमएमएस पर हर रोज 1 ही मजदूरों वाली फोटो लगाकर हर रोज 121 मजदूरों की हाजरी बनाई जा रही है। नौतन के दक्षिणी तेलहुआ में भी सरकारी पोखरा खुदाई में बन रही फर्जी हाजरी हाथ मे न कुदाल न टोकरी मजदूर दिखा बनाई हाजरी नौतन प्रखंड के दक्षिणी तेलहुआ पँचायत में वार्ड नम्बर 2 में लूटन यादव के टोला सरकारी पोखरा का जीर्णोद्धार योजना में 100 मजदूरों की हाजरी एनएमएमएस पर बुधवार को बनाई गई थी ।इस पँचायत में भी 1 ही फोटो से एनएमएमएस पर 100 मजदूरों की हाजरी बनाई गई थी ।वही धरातल पर मुआयना करने पर कोई मजदूर नही दिखा ।वही एनएमएमएस पर अपलोड फोटो में भी मजदूरों के हाथों में न ही टोकरी दिखाई दे रही है न ही कुदाल मैनाटाँड़ के रामपुर पँचायत में पदाधिकारी की जानकारी के वाबजूद बन रही 64 मजदूरों की हर रोज बनाई जा रही फर्जी हाजरी जिले के मैनाटाँड़ प्रखंड के रामपुर पँचायत में रामेश्वर गुरो के खेत से लेकर सुबा के खेत तक पईन सफाई योजना में हर रोज एनएमएमएस पर 5 से 6 महिलाओं वाली 1 ही फोटो को अपलोड किया जा रहा है लेकिन धरतल पर कहीं भी पईन सफाई कार्य नही दिख रहा है ।वही अपलोड फोटो में भी खड़ी महिलाओं के हाथ मे न कुदाल है न टोकरी ।वही सूत्रों के अनुसार रामपुर पँचायत में हर रोज बन रही फर्जी हाजरी की जानकारी स्थानीय मनरेगाकर्मी सहित पदाधिकारी को भी है। कौन है जिम्मेवार ?क्या जिला प्रशासन करेगा कार्रवाई ? पश्चिमी चंपारण जिले के मझौलिया, नौतन और मैनाटॉड प्रखंड के इन पंचायतों में हर रोज बन रही फर्जी हाजरी में अब सवाल उठता है कि आखिर क्यों वाजिब मजदूरों की हकमारी करके फर्जी हाजरी बनाकर सरकार को लाखों रुपये का चूना लगाया जा रहा है ?आखिर किनकी मिलीभगत से इतना लूट किया जा रहा है ?क्यों जानकारी के वाबजूद भी लगातार लूट जारी है।

## बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।मझौलिया जिला विधिक सेवा प्राधिकार बेतिया के सचिव सह अवर न्यायाधीश अमरेंद्र कुमार राज के आदेशानुसार, प्रखण्ड के माधोपुर, बहुआरवा दलित बस्ती क्षेत्रों में बाल श्रम निषेध दिवस को लेकर पारा विधिक स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पीएलवी श्री गुप्ता ने कहा कि बाल मजदूरी के प्रति विरोध एवं जगरूकता फैलाने के मकसद से हर साल 12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन जागरूकता पैदा करने के लिए 2002 में विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की गईं। उन्होंने कहा की 14 साल से कम आयु वर्ग के बच्चों से किसी भी प्रकार काम कराने पर लगे प्रतिबंध व इसका उल्लंघन पर मिलने वाले दंड को लेकर लोगों को जागरूक किया। वही कुछ माता पिता ऐसे होतो हैं जो चंद रुपयों के लालच में अपने छोटे छोटे बच्चों से रसायन के कारखानों, ईट भट्ठों, लोहे के कार्य, भवन निर्माण के कार्य व भारी मशीनरी के कार्यों सहित कहीं भी ढाबा या घरों में काम के लिए भेज देते हैं, जो प्रतिबंधित है। ऐसा करने से उनके अंदर हीन भावना पैदा होती है। वही आगामी लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत मे सुलहनिये वादों का निस्तारण कराने के लिये लोगो से आग्रह किया। मौके पर अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन में होगी अन्तविश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा सदर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन, पटना में आयोजित होनेवाले अन्तर्विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता-2024 को लेकर जयप्रकाश विश्वविद्यालय में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले प्रतिभागियों के चयन हेतु 12 से 14 जून तक विश्वविद्यालय परिसर में सुबह 6 बजे कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप में भाग लेनेवाले प्रतिभागियों में से ही 5 सर्वोत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा जो राजभवन में आयोजित मुख्य प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

उल्लेखनीय है कि आगामी दिनांक- 20 जून को पूर्वाह्न 9 बजे राजभवन, पटना में अन्तर्विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता-2024 का आयोजन किया गया है। इसमें प्रथम तीन स्थानों पर रहनेवाले प्रतिभागियों को माननीय कुलाधिपति-सह-राज्यपाल महोदय द्वारा 21 जून को विश्व योग दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता योग की कुल आठ विधाओं में आयोजित की जाएगी। इसे लेकर विश्वविद्यालय के क्रीड़ा निदेशक द्वारा सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य और विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागों के अध्यक्ष को एक पत्र भेजा गया है। इस प्रतियोगिता में कुल 5 छात्र-छात्राओं को भाग लेना है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय द्वारा सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों व स्नातकोत्तर विभागों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आगामी 21 जून 2024 को अपने यहां योग कार्यक्रम आयोजित करने तथा इसका विस्तृत रिपोर्ट विश्वविद्यालय को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया है। क्रीड़ा निदेशक ने कहा कि विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागों और विभिन्न अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के वैसे छात्र-छात्रा जो योग में विशिष्टता रखते हों वे इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सीधे क्रीड़ा निदेशक के पास भी अपनी प्रविष्टि दर्ज करा सकते हैं।

## आगामी गंगा दशहरा के अवसर पर विभिन्न नदियों सरोबरों पर विधि व्यवस्था संधारित करने के लिए पदाधिकारियों को दिया गया टास्क

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा सदर। सारण जिलाधिकारी अमन समीर ने पत्र के माध्यम से जिले और अंचल के पदाधिकारियों को सूचित किए है कि इस वर्ष गंगा दशहरा पर्व 16/17.06.2024 को मनाये जाने की संभावना है। इस तिथि को विभिन्न पवित्र तालाबों और नदियों यथा गंगा, गंडक, घाघरा आदि के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालु स्नान कर पूजा अर्चना करते हैं। इस अवसर पर विभिन्न नदियों के घाटों पर काफी भीड़ हो जाया करती है तथा कहीं कहीं पर घाटों के किनारे मेला भी लगता है। इस दृष्टिकोण से नदी घाटों के किनारे श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रशासनिक प्रबंधन तथा सतर्कता आवश्यक है। परम्परागत रूप से इस दौरान श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जिला के विभिन्न नदी घाटों पर होती है। उक्त आलोक में इस पर्व को हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु स्नान के अवसर पर गंगा स्नान करने लोग रेल का सफर करते हुए नदियों के घाटों पर आते हैं। उस दिन रेल गाड़ियों, रेलवे प्लेटफामों, बस अड्डों पर मीड़-भाड़ रहेगी। साथ ही जहां जहां मेले लगते हैं, जिन घाटों पर स्नानार्थियों की भीड़ होती है तथा जिन मन्दिरों में भीड़ एकत्रित होती है वहां पर महिलाओं के साथ छेड़खानी सहित किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिये सभी अनुमण्डल पदाधिकारी,अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत आवश्यकतानुसार दण्डाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति हेतु संयुक्त आदेश निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे,सभी अंचल अधिकारी अपने क्षेत्र का भ्रमण कर खतरनाक घाटो पर स्पष्ट रूप से सूचक बोर्ड, झण्डे और अवरोधक लगवायें ताकि लोग उधर नहीं जा सकें। साथ ही घाटों पर सुरक्षित जल स्तर तक रस्सी का घेरा लगवाया जाय ताकि लोग उसके आगे नहीं जा सकें। जिन घाटों पर भीड़ अधिक होने की संभावना हो वहां भीड़ को नियंत्रित करने के लिये भीड़ के उचित नियमन की भी व्यवस्था की जाय ।सभी अंचल अधिकारी जहां जहां बड़ी नदियां और सरोवर है तथा जहां श्रद्धालुओं की भीड होती है, वहां पर गोताखोर और बचाव दल की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। स्नान के दौरान कुछ अति उत्साही युवा नदी में स्नान करने उतर जाते हैं तथा कुछ दुर्गम स्थानों पर जा कर सेल्फी खीचने का प्रयास करते हैं। साथ ही कुछ लोग पिकनिक मनाने के उद्देश्य से भी नदियों में नावों पर घूमते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में सभी अनुमण्डल पदाधिकारी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों पुलिस पदाधिकारियों को ऐसी घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने हेतु निदेशित करना सुनिश्चित करेंगे। अनुमण्डल पदाधिकारीगण को यह भी आदेश किया गया है कि वर्णित तिथि अर्थात दिनांक 16.जून से 17 जून तक अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत नदियों में नावों के परिचालन पर सख्ती से रोक लगाने हेतु कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सारण को आदेश दिया जाता है कि जिला के सभी सरकारी चिकित्सालयों को एलर्ट की स्थिति पर रखेंगे और वहां के चिकित्सकों, पारा मेडिकल स्टॉफ की उपस्थिति की समय समय पर जांच भी करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अनुमण्डल पदाधिकारीगण से समन्बय स्थापित कर महत्वपूर्ण स्नान घाटों पर भी आवश्यकतानुसार एम्बुलेन्स और विकित्सक दल की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

## जिलाधिकारी ने किया जिला आपूर्ति कार्यालय का निरीक्षण



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर ने आज जिला आपूर्त्ति कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कार्यालय में संधारित आगत पंजी, निर्गत पंजी, लिपिकों के लॉगबुक आदि का बारीकी से अवलोकन किया। यहाँ के कार्यालय प्रबंधन से जिलाधिकारी असंतुष्ट दिखे। उन्होंने कार्यालय के कर्मियों में कार्यालय प्रबंधन की जानकारी का अभाव पाया। जिलाधिकारी ने जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी को एक सप्ताह के अन्तर्गत सभी कर्मियों को कार्यालय प्रबंधन के संदर्भ में विस्तृत जानकारी देकर प्रशिक्षित करने का निदेश दिया। उन्होंने डीएसओ को स्पष्ट रूप से कार्यालय प्रबंधन में गुणात्मक सुधार लाने का निदेश दिया। कार्यालय के कर्मियों के बीच कार्य दायित्व का बंटवारा भी संतुलित नहीं पाया गया। जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी को इसे समानुपातिक बनाने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में कार्यालय के लिपिक राजन कुमार द्वारा फरवरी माह से आगत पंजी का मासिक क्लोजर रिपोर्ट संधारित नहीं पाया गया ।साथ ही पंजी को तिथिवार भी संधारित नहीं किया गया था। अपैल माह के पत्र की प्रविष्टि जून माह में दर्ज पाई गई। जिलाधिकारी ने इसे कर्तव्यहीनता बताते हुये श्री राजन के विरुद्ध प्रपत्र गठित करने का निदेश दिया। कार्यालय में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर निष्पादित करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में परिक्ष्यमान सहायक समाहर्त्ता , जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी सहित जिला आपूर्त्ति कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बकरीद के अवसर पर विधि व्यवस्था को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

प्रात :किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। बकरीद के त्योहार के अवसर पर सामान्य विधि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से बुधवार को जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बताया गया कि बकरीद का त्योहार 17 जून से 19 जून की अवधि में मनाया जायेगा। 17 जून को प्रातः 6 बजे से 7 बजे के बीच नमाज अदा की जायेगी। नमाज के बाद कुबार्नी होगी। सभी सदस्यों से एक एक कर विगत वर्ष के अनुभवों के आधार पर महत्वपूर्ण जानकारी ली गई तथा सुझाव भी प्राप्त किये गये। सभी सदस्यों से अपने आस पास नजर रखने का अनुरोध किया गया। किसी भी तरह की छोटी से छोटी बात को भी तुरंत प्रशासन की संज्ञान में लाने का अनुरोध किया गया। सभी संवेदनशील स्थलों पर बाइक पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जायेगी। किसी भी तरह के आपत्तिजनक वीडियो/संवाद को सोशल मीडिया पर शेयर करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जायेगी। सभी सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है। समिति के सदस्यों से भी सोशल मीडिया पर नजर बनाये रखने का अनुरोध किया गया। आस पास के लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने को कहा गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी आदि जुड़े थे।

## बालश्रम निषेध दिवस पर दुकानदारों को गुलाब दे कर की गई सम्मानित

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।मैनाटांड में बुधवार को बालश्रम निषेध दिवस पर प्लान इंडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया. जिसमें प्लान इंडिया के वेदप्रकाश मिश्रा ने बताया कि हर साल 12 जून को विश्व बालश्रम निषेध दिवस मनाया जाता है. उन्होंने बताया की जिसके दुकान में बाल मजदूर नहीं है उस दुकानदार को गुलाब देकर सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि पिपरपाती के पंचायत समिति सदस्य रामजी प्रसाद के द्वारा बच्चा मिष्ठान दुकान के मालिक चंदन कुमार सहित कई दुकानदार को सम्मानित किया. वेदप्रकाश मिश्र ने बताया की जिसका मुख्य उद्देश्य मानवाधिकारों के प्रोत्साहन व बालकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए जागरुकता फैलाना है. उन्होंने बताया 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना संज्ञेय अपराध है और इसके लिए काम करवाने वाले के साथ साथ बच्चे के माता पिता को भी दंडित किया जा सकता है. बाल मजदूरी कानूनन अपराध है, पढ़ना और खेलना बच्चों का अधिकार है. मौके पर चंद्रशेखर प्रसाद, बिपिन पासवान, शत्रुध्न प्रसाद आदि लोग मौजूद रहें.

## सीपीआई ने कानून व्यवस्था ध्वस्त हो जाने का लगाया आरोप, दोहरे अधिवक्ता हत्या कांड की गई निंदा

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सीपीआई ने दोहरे अधिवक्ता हत्या कांड की कड़ी निन्दा की है और कानून व्यवस्था ध्वस्त हो जाने का आरोप लगाया है। सीपीआई की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य सुरेंद्र सौरभ तथा सीपीआई सारण के जिला सचिव रामबाबू सिंह ने एक संयुक्त बयान जारी कर छपरा मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पिता पुत्र अधिवक्ता रामायोध्या प्रसाद यादव और सुनील यादव की आज अहले सुबह अपराधकर्मियों ने उस समय गोली मारकर हत्या कर दी जब दोनो पिता पुत्र व्यवहार न्यायालय छपरा जा रहे थे। सीपीआई नेताओं ने कहा है कि कानून व्यवस्था पुरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, इसी का परिणाम है कि हत्या अपराध के वारदात रोज हो रहे हैं। अपराधी इतने बेखौफ हो गए हैं कि ये दोनों पिता पुत्र अधिवक्ता अपने न्यायिक कार्य के निबटारे हेतु रोज की भांति आज भी कोर्ट जा रहे थे कि दिन दहाड़े मुख्य सड़क पर गोली मारकर इन्हें मौत के घाट उतार दिया गया। सीपीआई नेताओ ने अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी और मृतकों के परिजनों को पचास लाख का आर्थिक मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। यह आशंका है कि इस घटना के पीछे जमीन विवाद हो सकता है। जिले मे जमीन खरीद बिक्री का अवैध धंधा पूरे जिले मे जोर शोर से चल रहा है और जिला प्रशासन के संरक्षण में बड़े बड़े भू माफिया इस धंधे में लगे हुए हैं। जमीन की अवैध खरीद बिक्री का धंधा एक बड़े उद्योग का रूप ले चुका है और कानून व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

## चिराग को केंद्रीय मंत्री मिलने पर कार्यकताओं में खुशी, होगा विकास:दीपक

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को केंद्रीय मंत्रिमंडल में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री बनने से बिहार और पूरे देश लाभ होगा ,पार्टी के संस्थापक पद्म भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान को याद कर उन्हें नमन करते हैं उनके आशीर्वाद से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूरी पार्टी फल फुल रहा है,,राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, गिरिराज सिंह, ललन सिंह, जितन राम माझी जी सहित बिहार के सभी केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को आभार व्यक्त किये ,साथ ही तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी को पार्टी की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं, जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधान मंत्री के नेतृत्व में देश 2047 तक विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनेगा सांसद चिराग पासवान के केंद्रीय मंत्री बनने से बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन को बल मिलेगा उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय कि अहम जिम्मेवारी मिली है इस मंत्रालय के द्वारा निश्चित तौर पर हमारे नेता के द्दि१ देश की जनता को विकास का लाभ पहुंचाने का काम करेंगे और हमारे नेता चिराग पासवान के विकास की एक लंबी लाइन खींचेंगे बधाई देने वाले में नंदकिशोर पासवान, पूर्णेन्दु सिंह, रोशन सिंह भवानी, दिग्विजय सिंह, डॉ नीरज दुबे, कुमकुम सिंह, आलोक पांडे, कौशल किशोर सिंह, रितेश सिंह सिग्रीवाल, प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, गुड्डू पासवान, रवि कुमार, रिंकू खान, भोला साह, गुरु दयाल प्रसाद, प्रवीण कुमार, तेजा सिंह, सुनील कुमार मंटु इत्यादि प्रमुख हैं ।

## बकरीद पर्व को लेकर रसीदपुर में शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रात :किरण संवाददाता

तरैया प्रखंड के रसीदपुर गांव में बकरीद पर्व को लेकर शांति एकता समिति रसीदपुर के द्वारा शांति समिति के बैठक पूर्वी जिला परिषद सदस्य डॉ अब्दुल्ला खान के आवासीय परिसर में दोनो समुदाय के लोग,जनप्रतिनिधियों व पुलिस प्रशासन के उपस्थिति में संपन्न हुई ।मशरक पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह व तरैया अपर थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार ने बकरीद पर्व को लेकर दोनो समुदाय के उपस्थित लोगो से शांति पूर्वक पर्व मनाने के लिए अपील किया ।बैठक को सम्बोधित करते हुए डॉ. त्रिलोकीनाथ सिंह ने कहा की आप लोग पर्व को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण तरीके से मनाए ।बैठक को दोनो समुदाय के अन्य गण्यमान्य लोगो ने संबोधित किया ।बैठक में सांसद प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुमन पाठक,राजद नेता विजय यादव,शांति एकता समिति के संयोजक नरेश कुमार,वीरेंद्र माझी,लालबाबू महतो,सुरेंद्र सिंह, मुन्ना खान,कमला शाह,पृथ्वी सिंह,हाफिज मियां,नंदलाल सिंह, रियाजुद्दीन अंसारी,शिवकुमार शाह,अनवर मियां सहित शांति एकता समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जयप्रकाश विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए आवेदन ने पकड़ी रफ्तार, तिथि भी बढ़ाई गई

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा सदर ।जयप्रकाश विश्वविद्यालय में 4 वर्षीय स्नातक सीबीसीएस पाठ्यक्रम (सत्र-2024-28) में नामांकन हेतु आवेदन की प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। मंगलवार, 11 जून को जहां 1 दिन में कुल 2859 अभ्यर्थियों ने नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन किए वहीं बुधवार, 12 जून 2024 को शाम 4 बजे तक 3455 अभ्यर्थियों ने नामांकन के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर आवेदन किया। यह अच्छी बात है कि प्रतिदिन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या में अब औसतन काफी वृद्धि दर्ज की जा रही है। इस बीच छात्रहित में कुलपति द्वारा नामांकन के लिए आवेदन की तिथि विस्तारित कर दी गई है। अब इच्छुक अभ्यर्थी 19 जून 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट ६६६.स्त्र५ॅ.ल्ल के माध्यम से नामांकन के लिए आवेदन पत्र और निर्धारित शुल्क स्वीकार किए जा रहे हैं। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 12 जून 2024 थी जिसे आज विस्तारित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को आगाह किया गया है कि सिर्फ और सिर्फ विश्वविद्यालय के उक्त अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से ही आवेदन प्रपत्र भरें। आवेदन करते समय सभी कॉलम को सही-सही भरें तथा उसी वेबसाइट के माध्यम से ही आवेदन शुल्क का भुगतान भी करें। आवेदन करने या शुल्क जमा करने के लिए किसी अन्य स्त्रोत या लिंक का कतई इस्तेमाल न करें। उल्लेखनीय है कि 4 वर्षीय स्नातक सीबीसीएस पाठ्यक्रम (सत्र-2024-28) में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया विगत 29 मई से प्रारंभ है।



# जॉली एलएलबी 3 में अमृता राव की वापसी

अरशद वारसी अभिनीत जॉली एलएलबी और अक्षय कुमार की जॉली एलएलबी 2 को दर्शकों और समीक्षकों का भरपूर प्यार मिला था। इन दोनों भागों की सफलता के बाद निर्माताओं ने फिल्म के तीसरे भाग का एलान कर दिया था। फिल्म की शूटिंग भी तेजी से की गई, जिसकी झलकियां प्रशासकों को समय-समय पर देखने को मिली। वहीं दर्शकों के लिए मनोरंजन का डोज यहीं तक नहीं थमा, बल्कि और बढ़ गया है। जी हां, इस फिल्म में दर्शकों के लिए और भी कुछ खास तोहफे हैं। ऐसा लग रहा है कि जॉली एलएलबी की पहली दो फ़िल्मों के कलाकार तीसरी किस्त के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, मूल फिल्म में में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अमृता राव इस सीक्वल में वापसी करेंगी। 2013 की फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले अरशद वारसी अब तीसरी फिल्म के कलाकारों में शामिल हुए थे। वहीं दूसरे भाग के मुख्य कलाकार अक्षय कुमार और हुमा कुरैशी हैं। अभिनेता सौरभ शुक्ला द्वारा अभिनीत जस्टिस त्रिपाठी तीसरी फिल्म के लिए वापस आ गए हैं। अब जॉली एलएलबी 3 में पहले के दोनों फिल्मों के कलाकारों का डबल मजा दर्शकों को मिलेगा। दावा किया जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 में अमृता ने अरशद की पत्नी संध्या की अपनी भूमिका को दोहराया है, जो पिछली किस्त से उनकी यात्रा को आगे बढ़ाती है। चर्चा है कि अमृता राव के किरदार को वापस लाने से फैंचाइजी की कास्ट एक साथ आ गई है। वहीं खबर यह भी है कि अमृता राव इस फिल्म के लिए उस क्रू का हिस्सा थीं, जिसने मई में राजस्थान में तीसरी किस्त की शूटिंग शुरू की थी। सुभाष कपूर एक बार फिर जॉली एलएलबी 3 का निर्देशन कर रहे हैं, जो एक आगामी ब्लैक कॉमेडी फिल्म है। अरशद वारसी और अक्षय कुमार भारतीय कानूनी कॉमेडी सीरीज की इस तीसरी किस्त के लिए पहले दोनों फिल्मों की अपनी-अपनी भूमिकाओं को दोहराएंगे। फिल्म की शूटिंग राजस्थान और अजमेर में की गई थी, और इसका प्रीमियर 2025 में होने वाला है।



# फिल्म निर्माण के फालतू खर्चों पर कृति ने साझा की राय

कृति सैनन हिंदी सिनेमा की जानी मानी अभिनेत्री हैं। उन्हें साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म मिमी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है। इस वक्त वह अपने करियर के बेहतरीन दौर में हैं। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर लगातार सफल साबित हो रही हैं। इस बीच अभिनेत्री ने फिल्म इंडस्ट्री की एक बड़ी समस्या पर बात की है, जिससे फिल्म का निर्माण लगातार महंगा होता जा रहा है।

## सितारों के साथ आने वाली टीम पर खर्च होती है मोटी रकम

इन दिनों फालतू खर्चों की वजह से फिल्मों की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। इसमें कई बार वो खर्चे होते हैं, जिससे फिल्म के कंटेंट पर कोई फर्क भी नहीं पड़ता। इनमें सितारों के साथ आने वाली उनकी टीम का खर्च प्रमुख है। सितारों के साथ आने वाली लंबी चौडी टीम के खर्चों को लेकर कई बड़े निर्माता-निर्देशकों ने भी बात की है। कुछ समय पहले जानी मानी कोरियोग्राफर और निर्देशक फराह खान और अनुराग कश्यप ने भी इस पर नाराजगी जाहिर की थी। अब अभिनेत्री कृति सैनन इस पर अपनी राय रखते हुए कंटेंट के महत्व पर जोर दिया है।

## फिल्म का कंटेंट है सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण

कृति सैनन ने फिल्म के कंटेंट के महत्व पर बात करते कहा, फिल्म निर्माण के दौरान कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां बहुत अधिक अनावश्यक खर्च होता है, जबकि अंत में फिल्म का कंटेंट ही महत्व रखता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई अभिनेता को कितना भुगतान कर रहा है, यदि आप मुख्य चीज पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जो कि कंटेंट है, तो मुझे नहीं लगता कि बाकी चीजें मायने रखती हैं। उन्होंने कहा कि सभी कलाकारों को सेट पर खर्चों को लेकर ध्यान देना चाहिए।

## दो पत्ती में काजोल के साथ आएंगी नजर


बात करें कृति के वर्क फ्रंट की, तो वह अपने पहले प्रोडक्शन दो पत्ती पर काम कर रही हैं, जिसका निर्देशन शशांक चतुर्वेदी कर रहे हैं। इस फिल्म में वह जानी मानी अभिनेत्री काजोल के साथ नजर आएंगी। ये इस साल के अंत तक नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा वह हाउसफुल 5, सेकेंड इनिंग्स , किल बिल की हिंदी रीमेक और भेडिया 2 में भी काम करने वाली हैं।



# बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में होगी मीका सिंह की एंट्री?

**मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मीका सिंह बिग बॉस ओटीटी 3 के निर्माताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं। कथित तौर पर, निर्माता शोबिज की दुनिया से एक लोकप्रिय नाम को लाने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल उनके पास अभिनेत्री-निर्माता पूजा भट्ट थीं। बिग बॉस ओटीटी का तीसरा सीजन जल्द ही दर्शकों के बीच धमाल मचाने के लिए तैयार है।**

हर कोई यह जानने के लिए उत्साहित है कि इस बार रियलिटी शो में कौन भाग लेगा, वहीं अब खबर आई है कि गायक मीका सिंह को भी अनिल कपूर के शो के लिए अप्रोच किया गया है। शो के होस्ट इस बार सलमान खान नहीं बल्कि बॉलीवुड के फेमस एक्टर अनिल कपूर होंगे। आइए जानते हैं कि मीका सिंह शो का हिस्सा होंगे या नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मीका सिंह बिग बॉस ओटीटी 3 के निर्माताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं। कथित तौर पर, निर्माता शोबिज की दुनिया से एक लोकप्रिय नाम को लाने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल उनके पास अभिनेत्री-निर्माता पूजा भट्ट थीं, अब वे मीका सिंह को शो में लाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि मीका की मेकर्स के साथ डील फाइनल हुई है या नहीं।



## अनिल कपूर करेंगे शो की मेजबानी

बिग बॉस ओटीटी 3 का प्रीमियर 21 जून, 2024 को जियो सिनेमा पर होगा और इसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। शो की मेजबानी के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए, अनिल कपूर ने पहले कहा था, बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं! हम दोनों दिल से जवान हैं; लोग अक्सर मजाक में कहते हैं कि मैं उल्टा बूढ़ा हो रहा हूं, लेकिन बिग बॉस वाकई अच्छा शो है। यह कुछ हद तक स्कूल वापस जाने जैसा लगता है, कुछ नया और रोमांचक करने की कोशिश करना। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा अपने सभी प्रोजेक्ट्स को ईमानदारी और कड़ी मेहनत के साथ किया है और मैं बिग बॉस में उसी ऊर्जा को 10 गुना बढ़ाने जा रहा हूं! अनस्क्रिप्टेड रिएलिटी में सभी के लिए कुछ न कुछ है - हंसी, ड्रामा और आश्चर्यजनक ट्विस्ट, और मैं इसमें अपना स्वाद और ट्विस्ट लाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

# रोबोट की तरह एक्ट करना चैलेंजिंग था

टीवी की सबसे हाई प्रोफाइल एक्ट्रेस में से एक आशिका भाटिया जननी-एआई की कहानी शो में नजर आएंगी। उन्होंने अपने किरदार के बारे में बताया कि उनके लिए एआई रोबोट की तरह एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। शो में आशिका चांदनी के रोल में नजर आएंगी। आशिका ने कहा, मेरे किरदार का नाम चांदनी है। मैं एआई रोबोट हूं, जो इंसानों की तरह लगती है। मेरे लिए रोबोट का एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। मैंने पहले कभी भी ऐसा रोल नहीं किया था, इसलिए मैं इस खास मौके का फायदा उठाना चाहती थी। उन्होंने कहा, खास तौर पर चलते हुए किसी शो में आपको किसी ऐसे व्यक्ति की तरह बर्ताव करना होता है जो पहले से ही सीरीज में है। मेरे लिए किसी और की नकल करना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मैंने इसे स्वीकार किया। जननी- एआई की कहानी इरा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक वैज्ञानिक से मां बनी है। वह घातक बीमारी से अपनी बेटी की जान बचाने के लिए एआई रोबोट का आविष्कार करती है। एमएजे प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, जननी- एआई की कहानी दंगल टीवी पर प्रसारित हो रहा है। वर्कफ्रंट की बात करें तो आशिका को पिछली बार एंड टीवी पर वाणी रानी शो में देखा गया था। उन्होंने छोटे पर्दे पर मीरा शो में डेब्यू किया था।



# आउटसाइडर के टैग पर बोले कार्तिक आर्यन



कार्तिक आर्यन ऐसे एक्टर हैं जो बिना किसी फिल्मी बैकग्राउन्ड के इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल हुए हैं। कार्तिक की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'चंदू चैंपियन' रिलीज होने वाली है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एक्टर ने आउटसाइडर वाले टैग पर बात की। उन्होंने कहा- आउटसाइडर होने के नाते हमेशा इस बात का डर लगा रहा रहता है कि कोई फाइडे लास्ट ना हो। इंडस्ट्री में किसी का सपोर्ट नहीं मिला। कार्तिक आर्यन ने कहा- मेरे लिए सब कुछ वैसा ही है। कुछ फिल्में सफल रहती हैं और कुछ असफल।

मैं आज भी आउटसाइडर ही हूं। यह बात हमेशा मेरे मन में रहती है। यह ऐसी मानसिकता बन गई है, जो हमेशा मेरे साथ रहने वाली है। अचानक करियर खत्म होने का डर बना रहता है। मेरे दिमाग में हमेशा यह बात चलती है कि कहीं कोई फ्राइडे लास्ट न हो। एक्टर को इंडस्ट्री में अपने बैकअप की कमी का हमेशा एहसास होता है। वह कहते हैं- मैं हर प्रोजेक्ट के लिए कड़ी मेहनत करता हूं। क्योंकि यह डर मेरे दिमाग में हमेशा बना रहता है कि मुझे दूसरा या तीसरा मौका नहीं मिल सकता है। मुझसे अक्सर आउटसाइडर होने और इंडस्ट्री में किसी कैंप का हिस्सा न होने के सवाल का समाना करना पड़ता है। लेकिन मुझे इस बात का गर्व है कि मैंने खुद के मेहनत पर अपनी पहचान बनाई है। कार्तिक आर्यन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'चंदू चैंपियन' 14 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। जब से इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। एक्टर की खूब तारीफ हो रही है। यह फिल्म स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की बायोपिक हैं। जिन्होंने 1970 के राष्ट्रमंडल खेलों में और फिर 1972 में जर्मनी में हुए पैरालंपिक में देश का नाम रोशन किया था। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुरलीकांत पेटकर की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया है।



# एआर मुरुगादॉस की फिल्म एसके 23 का हिस्सा बने विद्युत जामवाल

बीते दिनों जानकारी आई थी कि अभिनेता शिवकार्तिकेयन ने एक फिल्म के लिए निर्माता एआर मुरुगादॉस के साथ हाथ मिलाया है, जिसका अस्थायी नाम एसके 23 है। वहीं, अब निर्माताओं ने फैंस को एक बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म से अभिनेता विद्युत जामवाल का भी नाम जुड़ गया है। इस बात की जानकारी खुद निर्माताओं ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। शिवकार्तिकेयन और एआर मुरुगादॉस की आगामी फिल्म एसके 23 के निर्माताओं ने आखिरकार बॉलीवुड एक्शन स्टार विद्युत जामवाल का इस फिल्म में स्वागत किया है। फिल्म के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अभिनेता का एक शानदार ऑनबोर्डिंग वीडियो साझा किया है, जहां वह अपने सिग्नेचर स्टाइलिश अवतार में अपनी वैनिटी वैन से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। अभिनेता को निर्देशक एआर मुरुगादॉस का अभिवादन करते हुए देखा जाता है और फिर अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी को सेट के फिल्मांकन भागों पर चर्चा करते हुए देखा जाता है। सोशल मीडिया पर निर्माताओं ने लिखा, उस खलनायक को वापस ला रहे हैं जिसने सभी को आतंकित कर दिया था। फिल्म में खतरनाक विद्युत जामवाल का स्वागत करते हैं। अनजान लोगों के लिए, विद्युत जामवाल ने एआर मुरुगादॉस और विजय की एक्शन थ्रिलर थुप्पाक्की में विलेन की भूमिका निभाई थी। एसके 23 लोकप्रिय तमिल फिल्म निर्माता के साथ उनका दूसरा सहयोग होगा।

दिलचस्प बात यह है कि एसके 23 अभिनेता की 10 साल के अंतराल के बाद तमिल सिनेमा में वापसी का भी प्रतीक होगा। अभिनेता की आखिरी तमिल फिल्म सूर्या स्टारर अंजान थी। शिवकार्तिकेयन, कन्नड़ अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत और विद्युत जामवाल के एसके 23 से जुड़ने की पुष्टि हो चुकी है। कुछ रिपोर्टों से पता चलता है कि इस फिल्म में मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल भी नजर आ सकते हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

# मेरी शादी के बारे में लोग मुझसे ज्यादा मेरे माता-पिता से पूछते हैं

बीते दिन मीडिया के हर क्षेत्र में सोनाक्षी सिन्हा की शादी के चर्चे हो रहे थे। अब सोनाक्षी ने भी शादी की बात को लेकर चुप्पी तोड़ दी है। सोनाक्षी ने आईडीवा को दिए इंटरव्यू में कहा कि मुझसे हर समय इसके बारे में पूछा जाता है, और अब, ऐसा लगता है कि यह एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकल जाता है। सबसे पहले यह किसी का काम नहीं है। दूसरा, ये मेरी पसंद है, इसलिए मुझे नहीं पता कि लोग इसके बारे में इतना परेशान क्यों हैं। लोग मुझसे ज्यादा मेरे माता-पिता से मेरी शादी के बारे में पूछते हैं, इसलिए मुझे यह बहुत मजेदार लगता है। अब मुझे इसकी आदत हो गई है। यह मुझे परेशान नहीं करता। लोग उत्सुक हैं...हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं? गौरतलब है कि सोनाक्षी और जहीर पिछले काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों अक्सर साथ में इवेंट्स या डिनर्स पर स्पॉट हो जाते हैं। एक-दूसरे के बर्थडे पर भी दोनों स्पेशल पोस्ट शेयर करते हैं लेकिन सोनाक्षी और जहीर ने अपना रिलेशनशिप कभी ऑफिशियल नहीं किया। ज्ञातव्य है कि सोमवार को मीडिया में इस प्रकार के समाचारों ने सुर्खियाँ पाई जिनमें बताया गया था कि सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ विवाह बंधन में बंधने जा रही हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### 'यह वास्तव में थोड़ा अजीब है',

## जोश हेजलवुड ने टी20 विश्व कप के प्रारूप पर सवाल उठाए



**नॉर्थ साउंड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने टी20 विश्व कप के प्रारूप पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह अजीबोगरीब है कि उनकी टीम का बेहतर रन रेट सुपर 8 चरण में कोई मायने नहीं रखेगा। टी20 विश्व कप में इस बार 20 टीम भाग ले रही हैं जिन्हें पांच पांच टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सुपर 8 में जगह बनाएंगी जहां इन टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। इनमें से प्रत्येक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। इस बार टी20 विश्व कप का प्रारूप पिछली बार से भिन्न है। पिछली बार चोटी की टीमों ने सुपर 12 चरण से अपने अभियान की शुरुआत की थी। टीमों को छह-छह के दो ग्रुप में बांटा गया था तथा प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को नामीबिया को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी जिससे उसका नेट रन रेट प्लस 3.580 पर पहुंच गया। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ने सुपर 8 में भी अपनी जगह पक्की की। हेजलवुड ने मैच के बाद कहा, 'यह वास्तव में थोड़ा अजीब है क्योंकि ऐसा होता नहीं है। मैंने जितने विश्व कप खेले हैं उनमें संभवतः यह पहला टी20 विश्व कप है जिसका प्रारूप इस तरह से तैयार किया गया है। इसलिए यह थोड़ा भिन्न है। उन्होंने कहा, 'यह इस तरह का प्रारूप है कि इसमें पहले चरण में आप कितना भी अच्छा प्रदर्शन करो या आप अजेय रहते हुए बेहतर नेट रन रेट के साथ आगे बढ़ो तो भी सुपर 8 में वह खास मायने नहीं रखेगा। इसलिए यह थोड़ा अजीब है लेकिन इसको इसी तरह से तैयार किया गया है।

## हारिस रऊफ सबसे तेज 100 टी20 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ 100 टी20 विकेट लेने वाले ओवरऑल तीसरे तो बतौर तेज गेंदबाज पहले क्रिकेटर बन गए हैं। हारिस ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2024 में कनाडा के खिलाफ मैच में यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज कराई। अपनी घातक गेंदों से हारिस रऊफ को इस मुकाम तक पहुंचने में 71 मैच लगे हैं। हारिस के लिए फिलहाल टी20 क्रिकेट विश्व कप अच्छा जा रहा है। उन्होंने पहला मुकाबला यूएसए के खिलाफ खेला था जिसमें 37 रन देकर 1 विकेट लिया था। इसके बाद भारतीय टीम के खिलाफ लयदार गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर 3 विकेट लिए थे। फिर कनाडा के खिलाफ उन्होंने 26 रन देकर 2 विकेट लिए और कनाडा को 106 रन पर ही रोक दिया।

### सबसे तेज 100 टी20 विकेट (तेज गेंदबाज)

71 - हारिस रऊफ, पाकिस्तान
72 - मार्क अडायर, आयरलैंड
72 - बिलाल खान, ओमान
76 - लसिथ मलिंगा, श्रीलंका

बता दें कि ओवरऑल लिस्ट देखें तो अफगानिस्तान के राशिद खान इस लिस्ट में टॉप पर हैं। उन्होंने महज 53 मैचों में 100 विकेट पूरे कर लिए थे। इसके बाद श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा (63 मैच) का नाम आता है। हारिस अब ओवरऑल इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए हैं।

# दिल्ली के श्रेयस दास नें जीता खेलो चैस इंडिया फीडे 100 इंटरनेशनल रेटिंग टूर्नामेंट




**भोपाल (एजेंसी)।** विश्व शतरंज के 100 वर्ष होने के उपलक्ष्य में चेसबेस इंडिया द्वारा स्थानीय कोलार स्थित सेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित खेलो चैस इंडिया इंटरनेशनल रेटिंग टूर्नामेंट का खिताब दिल्ली के श्रेयस दास नें अपने नाम कर लिया । श्रेयस नें टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए 8 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया जबकि अंतिम राउंड में उनसे ड्रॉ खेलने वाले मध्य प्रदेश के रेवांश वैद्य 7.5 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रहे ।

तीसरा स्थान मिला मध्य प्रदेश के अनिल कुशवाहा को जिन्होने अंतिम राउंड में प्रदेश के हर्षित डावर को मात देते हुए 7.5 अंक बनाकर टाईब्रेक में तीसरा स्थान हासिल किया । 7 अंक बनाकर राजस्थान के ओजश जोशी बेहतर टाईब्रेक के साथ पर चौंथे स्थान पर रहे वहीं सातवे राउंड में उलटफेर का शिकार हुई टॉप सीड कोलंबिया की एंजेला फ्रांकों वापसी करते हुए अंतिम दो मैच जीतकर टाईब्रेक के आधार पर 7 अंक बनाकर पांचवें स्थान पर रही , एंजेला टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी भी रही । अन्य खिलाड़ियों में मध्य प्रदेश के हर्षित डावर, दिल्ली के कथन खुराना, मध्य प्रदेश के मीतांश दीक्षित, हरयाणा के मिलिंद पारले 7 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर छठे से नौवे स्थान पर रहे जबकि 6.5 अंक बनाकर मध्य प्रदेश के कामद मिश्रा बेहतर टाईब्रेक के आधार पर दसवें स्थान पर रहे ।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से कुल 68 नए खिलाड़ियों को फीडे आईडी मिली तो करीब 20 नए खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग भी प्राप्त हुई । प्रतियोगिता में भारत के 10 राज्यों और भारत के बाहर से कोलम्बिया से कुल 174 खिलाड़ियों नें भाग लिया । सागर शाह नें किया पुरूष्कार वितरण प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण में भारत के जाने माने और दुनिया के सबसे बड़े शतरंज विश्लेषक में शुमार इंटरनेशनल मास्टर सागर शाह नें सभी खिलाड़ियों को खास तौर पर मुंबई से भोपाल आकर पुरुस्कार वितरित किये । एंजेला और माधवेन्द्र नें खेला साइमल शतरंज अंतिम राउंड के बाद पुरूष्कार वितरण के ठीक पहले भोपाल में पहली बार एक साथ दो खिलाड़ियों नें साइमल शतरंज का प्रदर्शन किया ।

कोलंबिया की महिला इंटरनेशनल मास्टर एंजेला नें और भोपाल के अंडर 10 एशियन चैम्पियन माधवेन्द्र प्रताप शर्मा नें 10 10 खिलाड़ियों के साथ एक साथ शतरंज के मुक़ाबले खेले । इसके अलावा एक खास कार्यक्रम के तहत सभी खिलाड़ियों और अतिथियों नें भारत के डी गुकेश को आने वाली विश्व शतरंज चैंपियनशिप में शुभकामनए देने के लिए संदेश भी लिखे ।

## सात्विक-चिराग ने नंबर एक रैंकिंग गंवाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से हटने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई। चीन के लियांग वेई केंग और वैंग चैंग नई पुरुष युगल नंबर एक जोड़ी है। उनके बाद डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन का नंबर आता है जिन्होंने दो स्थान की छलांग लगाई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मई में थाईलैंड ओपन जीतकर नंबर एक रैंकिंग हासिल की लेकिन पिछले महीने सिंगापुर ओपन में पहले दौर से बाहर हो गई।

भारतीय जोड़ी ने मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन से भी नाम वापस ले लिया है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन क्रमशः 10वें और 14वें स्थान पर बने हुए हैं। किदांबी श्रीकांत चार स्थान गिरकर 32वें स्थान पर खिसक गए हैं जबकि प्रियांशु राजावत (34वें स्थान पर) और किरण जॉर्ज (एक स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) अगले सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं।

### विश्व कप क्वालीफाइंग

# भारत ने कतर के विवादास्पद गोल की जांच की मांग की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मैच आयुक्त को शिकायत करके दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने महत्वपूर्ण मुकाबले में कतर को विवादास्पद गोल देने की जांच की मांग की है। एआईएफएफ के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने 'गोल की गहन जांच' की मांग है।

मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। इस गोल पर काफी विवाद हुआ क्योंकि इसने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया।

एआईएफएफ के एक अधिकारी ने बताया, 'हमने मैच आयुक्त को शिकायत की है और पूरे मामले की गहन जांच की मांग की है। ईरान के हामेद मोमेनी इस मुकाबले के मैच आयुक्त थे। मैच आयुक्त की भूमिका मैच के आयोजन की निगरानी करना और यह सुनिश्चित करना होती है कि मुकाबले के दौरान फीफा के नियमों का पालन किया जाएगा।

मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। गुरप्रीत हालांकि मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद खेल के मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया।

गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था और कतर को कॉर्नर किक मिलनी चाहिए थी क्योंकि गुरप्रीत गेंद के बाहर जाने से पहले उससे संपर्क करने वाले आखिरी खिलाड़ी थे। भारतीय खिलाड़ी हालांकि उस समय हताश हो गए जब रैफरी ने कतर को गोल दे दिया और मेहमान टीम के कड़े विरोध के बावजूद मैदानी अधिकारी अपने फैसले पर बरकरार रहा।

## आज उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे बांग्लादेश और नीदरलैंड



**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड टी20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने के लिए गुरुवार को यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके बल्लेबाज अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे थे और उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा था। नीदरलैंड की टीम भी पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी और वह भी वापसी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

### टीम इस प्रकार हैं

बांग्लादेश-नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तनजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम और तनजीम हसन साकिब।

नीदरलैंड-स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, काइल क्लेन, लोगन वैन बीक, मैक्स ओ-डॉड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, रयान क्लेन, साकिब जुल्फिकार, सिब्रांड एंजेलब्रेच, तेजा निदामनुरु, टिम प्रिंगल, विक्रम सिंह, विव किंगमा और वेस्ले बैरेसी।

### रिजवान ने तोड़ा रोहित शर्मा का रिकॉर्ड,

## सबसे कम इनिंग्स में सबसे ज्यादा बार बनाए 50+ स्कोर

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप में कनाडा के खिलाफ जीत के साथ ही पाकिस्तान के ओपनर मोहम्मद रिजवान ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। रिजवान टी20आई में सबसे कम इनिंग्स में सबसे ज्यादा बार 50+ स्कोर बनाने वाले ओपनर बन गए हैं। रिजवान ने टी20आई में ओपनर के तौर पर 30 बार 50+ स्कोर बनाया है। वहीं भारतीय कप्तान ने भी 30 बार टी20 में ओपनर के तौर पर 50+ स्कोर बनाया है। लेकिन जहां रिजवान ने 71 इनिंग्स में ये रिकॉर्ड बनाया है वहीं रोहित ने इसके लिए 118 इनिंग्स ली है। इसके अलावा इस मामले में तीसरे नम्बर पर बाबर आजम और चौथे पर ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर हैं।



### टी20आई में ओपनर के तौर पर सबसे ज़्यादा बार 50+ स्कोर

30 - मोहम्मद रिजवान (71 इनिंग्स)*
30 - रोहित शर्मा (118 इनिंग्स)
28 - बाबर आज़म (84 इनिंग्स)
27 - डेविड वॉर्नर (98 इनिंग्स)
टी20 विश्वकप में पाकिस्तान के लिए सबसे ज़्यादा 50+ स्कोर।

# टिम पेन ने ऑस्ट्रेलिया से किया आग्रह, स्कॉटलैंड मैच में 'हेरफेर' कर इंग्लैंड को बाहर करें



**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन चाहते हैं कि मिशेल मार्श और उनकी टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप मैच में 'हेरफेर' करे जिससे कि इंग्लैंड को टी20 विश्व कप से बाहर किया जा सके। गत चैंपियन इंग्लैंड बारिश के कारण एक मैच रद्द होने और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी हार के बाद मुश्किल स्थिति में है और उसकी सुपर आठ में जगह बनाने की राह आसान नहीं है। ऑस्ट्रेलिया पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुका है। पेन ने कहा, 'बिल्कुल उन्हें ऐसा (परिणाम में हेरफेर) करना चाहिए और मैं मजाक नहीं कर रहा हूं। मैंने पिछले कुछ दिनों में लोगों से इस बारे में बात की है। मैं पूरी तरह गंभीर हूं। ग्रुप बी की मौजूदा स्थिति के अनुसार इंग्लैंड सिर्फ एक अंक और माइनस 1.800 के नेट रन रेट के साथ चौथे स्थान पर है। उसके दो और मैच बचे हैं। भले ही वह अपने दोनों मैच जीत लें लेकिन अंकों के मामले में स्कॉटलैंड से आगे नहीं निकल सकता जो पांच अंक और प्लस 2.164 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर है। सुपर आठ में पहुंचने के लिए जोस बटलर और उनकी टीम को ना केवल अपने बचे हुए दोनों मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे, बल्कि यह भी उम्मीद करनी होगी कि चिर प्रतिद्वंद्वी और तालिका में शीर्ष पर चल रहा ऑस्ट्रेलिया स्कॉटलैंड को बड़ी शिकस्त दे जिससे कि उसका नेट रन रेट प्रभावित हो।

पेन ने स्पष्ट किया कि वह नहीं चाहते कि ऑस्ट्रेलिया मैच हारे, बल्कि वह चाहते हैं कि मुकाबला इतना करीबी हो कि इंग्लैंड बाहर हो जाए। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि नेट रन रेट की स्थिति क्या है। आपको मुकाबला हारने की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि वे स्कॉटलैंड को बस करीब आने दे सकते हैं। पेन ने कहा, 'काफी आगे के बारे में नहीं सोचते। स्कॉटलैंड अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। मान लीजिए कि स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और 140 रन बनाए और हमने 19.5 ओवर में इसे हासिल कर लिया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें नेट रन रेट में बड़ा नुकसान नहीं हो। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि स्कॉटलैंड के नेट रन रेट तक पहुंचने के लिए इंग्लैंड को अपने दोनों मैच लगभग 50 रन से जीतने होंगे।

# नेपाल-श्रीलंका मुकाबला बारिश की वजह से रद्द

## साउथ अफ्रीका इस वर्ल्ड कप के सुपर-8 में पहुंचने वाली पहली टीम ; अब तक तीनों मुकाबले जीते

**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में नेपाल और श्रीलंका के बीच का मुकाबला बारिश की वजह से रद्द हो गया। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 में पहुंचने वाली टीम बन गई। नेपाल और श्रीलंका के बीच यह मुकाबला फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में होना था, लेकिन बारिश की वजह से मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसके बाद दोनों टीमों को 1-1 पॉइंट्स मिला। ग्रुप-डी में इस मुकाबले के नहीं होने की वजह से साउथ अफ्रीका सुपर-8 में पहुंच गई, क्योंकि टीम ने खेले अपने तीनों मैच जीते थे। वहीं, श्रीलंका के टॉप-8 में पहुंचने की राह मुश्किल हो गई है। श्रीलंका को अब तक खेले तीन मैचों में से दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा, जबकि एक मुकाबला रद्द हो गया। उसके पास सिर्फ 1 पॉइंट है। टीम का आगे का सफर बाकि टीमों के मुकाबलों में निर्भर करेगा।



### श्रीलंका के कप्तान हसरंगा टॉप विकेट टेकर

श्रीलंका के कप्तान वानिन्दु हसरंगा टी-20 में टीम के टॉप विकेट टेकर हैं। उन्होंने 67 मैचों में 6.85 की इकोनॉमी से 108 विकेट लिए हैं। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में खेले दो मुकाबलों में हसरंगा ने 2-2 विकेट झटके हैं। वहीं, सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 47 रन की शानदार पारी खेली थी। वह, कुल 50 टी-20 मुकाबले में 1281 रन बना चुके हैं। हालांकि, दोनों के अच्छे प्रदर्शन के बावजूद टीम एक भी मुकाबला नहीं जीत सकी है।

**नेपाल के कप्तान रोहित के पास लंबी पारी खेलने की क्षमता:** नेपाल के कप्तान रोहित कुमार पौडेल ने अभी तक कुल 50 मुकाबलों में 1143 रन बनाए हैं। वह 123.70 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हैं। नीदरलैंड के खिलाफ हुए मैच में उन्होंने 35 रन बनाए। वहीं, बैटिंग ऑलराउंडर कुशाल मल्ला तेज बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने 40 टी-20 मुकाबलों में 780 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतकीय पारी भी शामिल है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ हुए वॉर्मअप में 37 रन की पारी खेली थी।

### पॉसिबल प्लेइंग-11

श्रीलंका- वानिन्दु हसरंगा (कप्तान), पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, कमिंडु मेंडिस, धनंजय डी सिल्वा, चरिथ असलंका, एंजेलो मैथ्यूज, दासुन शनाका, महीश तीक्षणा, मथीश पथिराना और नुवान थुषारा।

नेपाल- रोहित कुमार (कप्तान), कुशल भुर्तेल, आसिफ शेख (विकेटकीपर), अनिल साह, कुशाल मल्ला, दीपेंद्र सिंह ऐरी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, करण केसी, अविनाश बोहरा, सागर धाकल।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के जामिया नगर में गरजा बुलडोजर, अवैध निर्माण ध्वस्त



**नईदिल्ली , एजेंसी।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जामिया नगर में बुलडोजर की कार्रवाई सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि जामिया नगर में अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने के लिए मंगलवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, अभियान के दौरान इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस और आरएएफ के जवानों को तैनात किया गया था। अधिकारी ने बताया कि यह अभियान बुधवार को भी चलाया जाएगा। वहीं दिल्ली-हरियाणा के सफियाबाद बॉर्डर स्थित टोल नाके पर लगने वाले ट्रैफिक जाम को खत्म करने पर काम शुरू होने की उम्मीद है। लोगों की तरफ से लगातार इस मामले का हल निकालने की मांग की जा रही है। इस समस्या के संबंध में महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने मंगलवार को टोल नाके का निरीक्षण किया। नरेला जोन के सफियाबाद बॉर्डर स्थित टोल नाके पर स्थानीय लोगों की महापौर ने समस्याएं भी सुनी। यहां घनी आबादी है। यहां पर तीन विद्यालय भी मौजूद हैं। महापौर को नागरिकों ने कहा कि इस टोल नाके पर भारी वाहनों का दबाव रहता है। इस वजह से जाम लग जाता है। टोल नाके के दोनों तरफ सड़क किनारे ट्रक खड़े रहते हैं। इस कारण वहां से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महापौर ने लोगों को आश्वासन दिया कि टोल नाके को स्थानांतरित करने के विषय में हितधारकों के साथ बैठक करेंगे। स्थानीय लोगों को होने वाली दिक्कतों को कम करने का प्रयास करेंगे।

### बलौदा बाजार आगजनी घटना के बाद हटाए गए एसपी और कलेक्टर

**बलौदा बाजार, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार में बीते 10 जून को सतनामी समाज के द्वारा आंदोलन करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया गया था। इस दौरान हजारों की संख्या में घेराव करने पहुंची भीड़ ने बैरिकेड तोड़ने के बाद कार्यालय में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए करीब 200 लोगों के ऊपर एफआईआर दर्ज की है। वही इस घटना में करोड़ों रुपए के शासकीय संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। इस घटना के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने मंगलवार की देर रात आदेश जारी करते हुए जिले के कलेक्टर और एसपी को हटा दिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने बलौदा बाजार जिले के कलेक्टर के रूप में 2011 बैच के द्धस दीपक सोनी को नियुक्त किया है। वहीं 2012 बैच के द्धस विजय अग्रवाल को जिले एसपी बनाया गया है। पहला आदेश जिले के कलेक्टर को लेकर जारी किया गया है। जिसे छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी करते हुए बलौदा बाजार जिले के कलेक्टर को आईएएस कुमार लाल चौहान को मंत्रालय भेजा गया है। वही बलौदा बाजार जिले के कलेक्टर के रूप में साल आईएएस दीपक सोनी की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा दूसरा आदेश छत्तीसगढ़ गृह विभाग के द्वारा जारी किया गया। जिसमें बलौदा बाजार एसपी सदानंद कुमार को उप पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय रायपुर भेज दिया गया है। इसके साथ ही बलौदा बाजार एसपी के रूप में विजय अग्रवाल को नई जिम्मेदारी दी गई है। बतादें कि विजय अग्रवाल इससे पहले अंबिकापुर पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ थे उन्हें बलौदा बाजार ट्रांसफर किया गया है। इसके साथ ही अंबिकापुर पुलिस अधीक्षक के रूप में 2008 बैच के आईपीएस योगेश पटेल को नई जिम्मेदारी दी गई है। बलौदा बाजार घटना को लेकर मंगलवार के दिन एसपी के निर्देश में पुलिस ने मामले में 7 एफआईआर की थी। जिसमें 200 से ज्यादा लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। वहीं इस पूरे मामले में अब तक 170 लोगों से ज्यादा की गिरफ्तारी भी हो चुकी है।

# जीतकर भी मोदी सरकार से आउट होने वालों पर कयास तेज

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 का दौर शुरू हो चुका है। रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरे मंत्री परिषद के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस मंत्री परिषद में उनके समेत कुल 72 मेंबर हैं, लेकिन पिछली सरकार का हिस्सा रहे तमाम मंत्री बाहर हैं। इनमें से 19 मंत्री तो ऐसे हैं, जो चुनाव में हार गए। इसके अलावा 8 लोगों को टिकट ही नहीं मिला था। इस तरह कुल 27 मंत्री टिकट न मिलने या फिर चुनावी हार के चलते सत्ता से बाहर हो गए। लेकिन ऐसे नेता जो चुनाव भी जीते, लेकिन मंत्री परिषद का हिस्सा नहीं बने हैं, उनको लेकर चर्चाओं और कयासों का दौर तेज है।

इन नेताओं में अनुराग ठाकुर, नारायण राणे, पुरुषोत्तम रुपाला, अजय भट्ट, फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल हैं। अनुराग सिंह ठाकुर तो नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में सरकार के चेहरे के तौर पर सामने आते थे। वह सूचना प्रसारण मंत्री थे और अकसर कैबिनेट के फैसलों की जानकारी हो या फिर अहम मामलों में सरकार के बचाव की बात हो। वह सरकार का पक्ष रखा करते थे। इस बार भी वह लगातार 5वीं बार हिमाचल की हमीरपुर लोकसभा सीट से जीते हैं, लेकिन सरकार से बाहर



रखे गए हैं। वहीं पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा अब स्वास्थ्य मंत्री बन गए हैं।

जेपी नड्डा भले ही हिमाचली हैं, लेकिन वह गुजरात से राज्यसभा के सांसद हैं। फिर भी हिमाचल में उनका दखल रहता है। भाजपा नेताओं का कहना है कि अनुराग को बाहर रखने की एक वजह यह भी है कि कांग्रेस छोड़कर आने वाले विधायकों को उपचुनाव में हार मिली है। उपचुनाव में कांग्रेस छोड़कर आए 6 में से विधायकों को हार मिली है। इससे सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार से खतरा टल गया है। कांग्रेस को सुजानपुर, गगरेट, लाहौर एवं स्पीति और कुटलेहड़ सीट पर जीत मिली है। सुजानपुर सीट हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में आती है। इसके साथ ही हिमाचल विधानसभा में कांग्रेस की संख्या बढ़कर 38 पहुंच गई है। फिलहाल हिमाचल विधानसभा के सदस्यों की संख्या 65 है और उसमें 38 सदस्य लाकर कांग्रेस मजबूत हो गई है।

### अनुराग ठाकुर को मंत्री नहीं बनाये जाने पर पिता धूमल का बड़ा बयान

हमीरपुर, एजेंसी। झकेंद्र में नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। मोदी सरकार ने कैबिनेट का भी गठन कर लिया है। जिसमें हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को मंत्री पद न मिलने पर हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अनुराग सिंह ठाकुर के पिता प्रेम कुमार धूमल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि भाजपा में संगठन और प्रधानमंत्री मोदी की इच्छा पर निर्भर करता है कि किसे अपनी कैबिनेट में मंत्री बनाना है या नहीं। यह बहुत प्रसन्नता की बात है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। सभी मंत्रियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। धूमल ने आगे कहा कि 1962 में पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। उसके बाद लगातार तीसरी बार कोई नेता पीएम बना है। अटल बिहारी वाजपेयी जी के बाद नरेंद्र मोदी गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने हैं, जो भाजपा संगठन और देश के लिए गर्व की बात है।

### क्लस्टर बसों के ऑपरेटर्स को एचसी से अंतरिम राहत, दिल्ली सरकार को 15 दिन की मोहलत

**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली में क्लस्टर बसों का संचालन कर रहे ऑपरेटरों को 19 जून को समाप्त हो रहे अनुबंध के मामले में हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिल गई है। अनुबंध की अवधि बढ़ाए जाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे तीन ऑपरेटरों की याचिका पर अदालत ने सुनवाई की। इस मामले में दिल्ली सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए 15 दिन का समय मांगा है। इसके बाद न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की अवकाशकालीन पीठ ने अनुबंध को 15 जुलाई तक बढ़ाने और ऑपरेटरों को बसों के संचालन के लिए समय सारणी उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं। इस मामले में अब 15 जुलाई को रोस्टर बेंच सुनवाई करेगी। दिल्ली में क्लस्टर बसों के सात डिपो में संचालित 997 बसों का अनुबंध 19 जून को समाप्त हो रहा है। इनमें राजघाट, कैर, ढिंचाऊ कलां, बीबीएम-2, सीमापुरी, दिलशाद गार्डन और ओखला (सेंट्रल वर्कशॉप) शामिल हैं। इन डिपो से 997 बसों का संचालन प्रतिदिन होता है। बसों का संचालन करने वाली तीन कंपनी ने इसी साल फरवरी माह में दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें उन्होंने अनुबंध की अवधि बढ़ाए जाने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने तब उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद मेट्रो ट्रांजिट प्रा.लि., एंटोनी रोड ट्रांसपोर्ट सोल्यूशन प्रा.लि. और गोवर्धन ट्रांसपोर्ट कंपनी प्रा.लि. की ओर से अनुबंध की अवधि बढ़ाए जाने की मांग के लिए पांच जून को दोबारा याचिका दाखिल की गई थी। अदालत ने इस पर बीती 10 जून को सुनवाई की थी। दिल्ली सरकार की ओर से अदालत में कहा गया है कि इस मामले में अपना जवाब दाखिल करने के लिए उन्हें 15 दिन की मोहलत दी जाए। क्लस्टर बसों के पांच डिपो के कंडक्टरों का विरोध जारी है। परिचालकों का कहना है कि अनुबंध खत्म होने के बाद उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाएगा। इससे पांच हजार से ज्यादा कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। उनके परिवारों के सामने संकट खड़ा हो जाएगा। उनका कहना है कि अनुबंध की अवधि एक महीने बढ़ जाने से उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### जयपुर में अमेरिकी महिला से ठगी, हीरे बताकर 6 करोड़ में बेच दिए 300 रुपये के पत्थर

**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर में एक अमेरिकी महिला के साथ 6 करोड़ रुपये की ठगी किए जाने की घटना सामने आई है। बताया जाता है कि ठग ने महिला को 6 करोड़ के नकली गहने में बेच दिया। साथ ही गहनों को असली होने का दावा करने वाला फर्जी सर्टिफिकेट भी दे दिया। चौंकाने वाली बात यह कि महिला जब तक भारत में रही उसे ठगी का आभास तक नहीं हुआ। महिला जब अमेरिका पहुंची तब जाकर उसे पता चला कि उसने जो गहने जयपुर से खरीदे हैं, सभी नकली हैं। इसके बाद वह महिला दोबारा जयपुर आई और पुलिस में शिकायत की। इस घटना ने इस कदर तूल पकड़ा कि अमेरिकी दूतावास को इसमें दखल देना पड़ा है। फर्जी सर्टिफिकेट देने वाले को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता का नाम चेरिश है। उसने जयपुर के मनाक चौक थाना इलाके के जौहरी बाजार स्थित एक दुकान से नकली गहने खरीदे थे। दुकानदार और उसका बेटा फरार हो गए हैं। बताया जाता है कि महिला ने अप्रैल महीने में अमेरिका में एक प्रदर्शनी में जब इन गहनों को दिखाया तब पता चला कि ये नकली हैं। नकली गहनों की कीमत 300 से 600 रुपये तक बताई जा रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीड़िता जब अमेरिका से वापस लौटी तो सबसे पहले दुकान मालिक रजेंद्र सोनी और उसके बेटे गौरव से शिकायत की। इस पर आरोपी भड़क गए। उन्होंने नकली गहने बेचने की बात नहीं मानी। इसके बाद पीड़िता पुलिस के पास पहुंची और 18 मई को आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद आरोपी दुकानदार की ओर से भी एक मामला दर्ज कराया गया। आखिरकार महिला ने अमेरिकी दूतावास से मदद मांगी तो उसने दखल दिया।

इस मामले में अमेरिकी दूतावास के दखल देने के बाद जयपुर पुलिस एक्टिव हुई और छानबीन शुरू की।

# यूपी के सब-स्टेशन में खराबी के बाद दिल्ली की बिजली आपूर्ति बाधित

**नईदिल्ली , एजेंसी।**
बूंद-बूंद पानी को तरसती दिल्ली में अब बिजली संकट भी गहरा गया है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने यह जानकारी दी है। आतिशी ने कहा कि यूपी के मंडोला में पीजीसीआईएल के एक सब-स्टेशन में आग लगी है। इस सब-स्टेशन से दिल्ली को 1500 मेगावॉट बिजली मिलती है। आतिशी ने बताया कि मंडोला सब-स्टेशन में आग लगने की वजह से दिल्ली के कई हिस्सों में पावर कट हुआ है। यह बहुत गंभीर मुद्दा है। यह बहुत चिंता की बात है कि मौजूदा वक्त में देश का इलेक्ट्रिसिटी इंफ्रास्ट्रक्चर फेल हो चुका है...

आतिशी ने बताया कि 2 बजकर 11 मिनट से दिल्ली के कई हिस्सों में पावर कट हुआ। इससे पूर्वी दिल्ली का काफी हिस्सा, आईटीओ का हिस्सा, दक्षिणी दिल्ली में सुखदेव विहार, आश्रम, सरिता विहार समेत कई इलाके प्रभावित हुए। हालांकि दिल्ली की बिजली कंपनियों ने तेजी से काम करते हुए अगल-अलग इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल करना



शुरू कर दिया है। मंत्री आतिशी ने कहा कि फिलहाल दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी की बिजली कंपनियों से इस मसले पर बात कर रही है। इसके फौरी समाधान के लिए दिल्ली के अन्य पॉवर स्त्रोतों (जैसे एन -1) से लिंक किया जा रहा है। आतिशी ने इसे बेहद गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने कहा- मैं आज ही केंद्र सरकार के नए बिजली मंत्री बने मनोहर लाल जी से समय मांगूंगी। देश के समूचे पॉवर ट्रांसमिशन सिस्टम को केंद्र सरकार चलाती है। पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, एनटीपीसी इनका एक पूरा नेशनल पॉवर ग्रिड है।

आतिशी ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि दिल्ली बहुत सीमित स्तर पर पॉवर प्रोडक्शन होता है। दिल्ली की अधिकतर बिजली बाहरी राज्यों से आती है। यह एनटीपीसी के तहत आती है। इसके बाद तीन बिजली कंपनियों के जरिए दिल्ली में इसका वितरण होता है। दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी केवल राष्ट्रीय राजधानी में मौजूद डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को मजबूत करना है।

### हॉन्गकॉन्ग में निर्वासन में रह रहे छह लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं के पासपोर्ट रद्द

**विक्टोरिया, एजेंसी।** हॉन्गकॉन्ग ने अपने नए बनाए गए घरेलू सुरक्षा कानून के तहत विदेश में निर्वासन में रह रहे छह लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं के पासपोर्ट रद्द कर दिए हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हॉन्गकॉन्ग सरकार ने उन्हें कानूनविहीन वांछित अपराधी कहा है। यहां की सरकार ने कहा कि पासपोर्ट रद्द करने के अलावा, इन लोगों को हॉन्गकॉन्ग में किसी भी व्यापारिक लेनदेन करने से रोक दिया गया है, जिसमें नकदी से लेकर सोने तक के वित्तीय लेनदेन शामिल हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि ये कानूनविहीन वांछित अपराधी यूनाइटेड किंगडम में छिपे हुए हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाली गतिविधियों में शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा, वे हॉन्गकॉन्ग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र को बदनाम करने के लिए भयावह टिप्पणियां करते हैं। इसके अलावा, वे अपने बुरे कामों को बचाने के लिए बाहरी ताकतों के साथ सांठगांठ करते हैं। इसलिए हमने उन्हें झटका देने के लिए ऐसा कदम उठाया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, हॉन्गकॉन्ग में राष्ट्रीय सुरक्षा अपराधों के आरोपी और पुलिस द्वारा वांछित छह लोगों में पूर्व विधायक नाथन लॉ, कार्यकर्ता



फिन लाउ, श्रम अधिकार कार्यकर्ता क्रिस्टोफर मुंग, फॉक का-ची और चोई मिंग-दा के साथ-साथ ब्रिटेन के वाणिज्य दूतावास के कर्मचारी साइमन चेंग भी शामिल हैं, जिन्हें अगस्त 2019 में चीन में 15 दिनों के लिए हिरासत में लिया गया था। सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि सरकार ने हॉन्गकॉन्ग के लोगों को यह भी चेतावनी दी है कि अगर कोई भी शख्स इन लोगों की वित्तीय सहायता करता है या इनके साथ किसी भी प्रकार का व्यापारिक लेन-देन करता है तो उसे अपराधी माना जाएगा। इसके लिए करीब सात साल जेल की सजा हो सकती है। गौरतलब है, ब्रिटेन ने 1997 में हॉन्गकॉन्ग को चीन को वापस सौंप दिया था।

## अमेरिका में अटलांटा के फूड कोर्ट में 3 लोगों पर फायरिंग, पुलिस ने हमलावर किया ढेर

**अटलांटा, एजेंसी।**
अमेरिका के अटलांटा शहर स्थित एक फूड कोर्ट में मंगलवार अपराह्न एक बंदूकधारी ने तीन लोगों को गोली मार दी। घटना के बाद पुलिस के एक अधिकारी ने हमलावर को गोली मार दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अटलांटा पुलिस प्रमुख डारिन शियरबाम के अनुसार, पीचट्री सेंटर फूड कोर्ट में हुई इस वारदात में सभी चार घायलों के जीवित बचने की संभावना है। इन चार लोगों में संदि?ग्ध हमलावर भी शामिल है। मेयर आंद्रे डिकेंस ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए हमलावर पर गोली चलाने वाले पुलिस अधिकारी की प्रशंसा की।

डिकेंस ने कहा, अगर पुलिसकर्मी वहां नहीं होता तो हालात और भी बदतर हो सकते थे। शियरबाम ने बताया कि गोलीबारी मंगलवार अपराह्न करीब दो बजकर 15 मिनट पर हुई। उन्होंने बताया कि जिन तीन लोगों को संदिग्ध हमलावर ने गोली मारी, उनमें ग्रेसन का रहने वाले 47 वर्षीय व्यक्ति, ईस्ट प्वाइंट की रहने वाली 69 वर्षीय महिला और अटलांटा की 70 वर्षीय महिला शामिल हैं। शियरबाम



ने बताया कि संदिग्ध हमलावर दक्षिण अटलांटा के मोरो का रहने वाला 34 वर्षीय व्यक्ति है, जिसकी घायलों में से एक के साथ मामूली कहासुनी हुई थी और उसने बंदूक निकालकर उस व्यक्ति को गोली मार दी। शियरबाम ने बताया कि इसके बाद उसने दो अन्य लोगों को गोली मारी हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि आरोपी घायलों को जानता था या नहीं। उन्होंने बताया कि चारों लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जिसमें से दो की हालत गंभीर है।

## यूक्रेन में तैनात होगा अमेरिका का एक और पैट्रियट मिसाइल, राष्ट्रपति जो बाइडन ने दी मंजूरी

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
यूक्रेन और रूस के बीच पिछले दो साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक और पैट्रियट मिसाइल प्राणली को यूक्रेन में तैनात करने के लिए मंजूरी दे दी है। बाइडन ने पिछले सप्ताह ही यह निर्णय लिया है। यूक्रेन अपने शहरों, बुनियादी ढांचों और बिजली ग्रिड पर रूसी हमलों को झेल रहा है। नई पैट्रियट मिसाइल पोलैंड से आएगी। पोलैंड में यह मिसाइल एक अमेरिकी टुकड़ी की रक्षा कर रही है। इसे अगले कुछ दिनों में यूक्रेन में तैनात किया जा सकता है।

**पैट्रियट मिसाइल इसलिए है खास:** अमेरिकी मीडिया के अनुसार, पैट्रियट मिसाइल को अमेरिका का सबसे अच्छा वायु रक्षा हथियार माना जाता है। इसमें शक्तिशाली रडार और मोबाइल लॉन्चर शामिल है। यह प्रोजेक्टाइल पर मिसाइल दागते हैं। अमेरिका के पास कितने पैट्रियट हैं, पेंटागन ने यह बताने से इनकार कर दिया लेकिन एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की मानें तो अमेरिका ने दुनिया भर में 14 जगह पैट्रियट को तैनात किया है। पैट्रियट अमेरिका के अलावा, उसके सहयोगियों के पास भी है, उनमें से दो देशों ने यूक्रेन को कुछ पैट्रियट भेजे हैं। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि यूरोपीय शक्तियां जल्द ही और पैट्रियट यूक्रेन में भेजेंगी। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और पेंटागन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने यूरोपीय देशों से यूक्रेन को मदद देने की अपील की है।

**इन्होंने भी भेजी मिसाइल:** जिन दो देशों ने यूक्रेन में पैट्रियट भेजी हैं, उनमें



जर्मनी और नीदरलैंड शामिल है। दोनों देश अब तक एक-एक मिसाइल भेज चुके हैं। जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज का कहना है कि जून के अंत तक दूसरा पैट्रियट वहां तैनत किया जाएगा। वहीं नीदरलैंड से दूसरे पैट्रियट के लिए बातचीत जारी है।

बता दें, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन पिछले माह कीव गए थे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी। मुलाकात के दौरान, जेलेंस्की ने कहा था कि हमारे लिए अभी वास्तव में वायु रक्षा की जरूरत है। उन्होंने अमेरिका निर्मित सतह से हवा में मार करने वाली पैट्रियट मिसाइल प्रणाली का अनुरोध किया था। हालांकि, ब्लिंकन ने उस अनुरोध का स्पष्ट रूप से जवाब नहीं दिया था।

### बेहतर पत्नी और मां के रूप में उभर रही हैं जिल बाइडन, हर वक्त मजबूती से साथ खड़ी रहती हैं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ा मुकाबला है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे प्रथम महिला जिल बाइडन मजबूती के साथ सामने आ रही हैं। वे अपने बेटे हंटर का मजबूती से साथ दे रही हैं तो वहीं अपने पति जो बाइडन के साथ भी कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी दिख रही है। जिल इन दोनों अपने बेटे और अपने पति दोनों का हौसला बढ़ा रही हैं।

मंगलवार को जिल अपने छोटे बेटे के साथ अदालत में रहीं तो वहीं अगले दिन बुधवार को वे फ्रांस में अपने पति जो बाइडन के साथ दिखीं। इसके अगले दिन गुरुवार को वे दोबारा अपने बेटे के साथ अदालत में थीं। इसके बाद फिर शनिवार को फिर अपने पति के साथ पेरिस में थी। वे एलीसी पैलेस में एक राजकीय रात्रिभोज में शामिल हुईं। इस दौरान वे शिआपरेली गाउन में दिखीं, उनके चेहरे पर मुस्कान थी और चेहरे पर थकान और तनाव की शिकन तक नहीं थी। बता दें, हंटर पर बंदूक रखने का आरोप है और ऐसा पहली बार है कि एक मौजूदा राष्ट्रपति के बच्चों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चल रहा हो। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, जिल हमेशा गर्मजोशी से पेश आती हैं और अपने पति की सकारात्मक छवि के लिए अधिक से अधिक काम करती हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555